

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, रविवार 06 अप्रैल, 2025 | » वर्षः 2 | » अंकः 157 | » पृष्ठः 8 | » मूल्यः 2.00 रू.




### गहलोत-राज में बने 6 जिलों को कांग्रेस ने भी नकाराः

## भजनलाल सरकार ने जो 9 जिले खत्म किए, उसमें 6 को संगठन का जिला नहीं बनाया

एजेंसी

**जयपुर।** कांग्रेस ने संगठन के जिलों की संख्या 39 से बढ़ाकर 50 करने का फैसला किया है। हाईकमान ने भी इसे मंजूरी दे दी है। अब 50 जिला कांग्रेस कमेटियां बनेंगी। राजस्थान में नए जिले बनने के बाद कांग्रेस ने भी संगठन के नए जिलों में बदलाव किए हैं। कुछ जिलों के टुकड़े किए हैं। गहलोत राज के 17 जिलों में से जिन 8 जिलों को भजनलाल सरकार ने बरकरार रखा था, उन सबको कांग्रेस ने संगठन का जिला बनाया है। वहीं, गहलोत राज के जिन 9 जिलों को खत्म किया गया था, उनमें से 6 जिलों को कांग्रेस ने भी संगठन का जिला नहीं बनाया है। गहलोत राज के खत्म किए गए नए जिलों में कांग्रेस संगठन ने केवल नीमकाथाना, जोधपुर ग्रामीण, जयपुर ग्रामीण को ही बरकरार रखा है। जयपुर ग्रामीण को दो भागों में बांटा है। कांग्रेस संगठन ने भी दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, गंगापुरसिटी, अनूपगढ़, सांचौर को संगठन का जिला नहीं बनाया है। भजनलाल सरकार ने इन जिलों को खत्म कर दिया था।




### जिन 8 जिलों को मौजूदा सरकार ने बरकरार रखा वे कांग्रेस संगठन के नए जिले

मौजूदा सरकार ने गहलोत राज के बनाए 17 में से 8 जिलों को बरकरार रखा था। इन 8 जिलों को कांग्रेस संगठन ने भी बरकरार रखा। इनमें बालोतरा, ब्यावर, डीडवाना-कुचामन, डीग, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, फलोदी, सलूंबर को कांग्रेस ने नया संगठन जिला बनाने को मंजूरी दी है।

### जयपुर ग्रामीण को पूर्व और पश्चिम दो जिलों में बांटा

जयपुर में पहले ग्रामीण और शहर जिले थे। अब दो भागों में बांटकर जयपुर ग्रामीण पूर्व और जयपुर ग्रामीण पश्चिम के नाम से संगठन के जिले बनाए गए हैं। नीमकाथाना को भी संगठन का जिला बनाया है।

**भीलवाड़ा में शहर और ग्रामीण दो जिले-** कांग्रेस ने भीलवाड़ा को दो जिलों में बांट दिया है। पहले अकेला भीलवाड़ा ही संगठन का जिला था। अब भीलवाड़ा शहर और भीलवाड़ा ग्रामीण अलग-अलग जिले होंगे।

### अब 50 जिलाध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटियां होंगी

कांग्रेस में अब 39 की जगह 50 नई जिला कांग्रेस कमेटियां बनेंगी। 11 नए बने जिलों में जिलाध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी बनेंगी। बड़ी संख्या में नए नेताओं को पद दिए जाएंगे।

**6 जिलों को संगठन का जिला नहीं बनाने पर सियासी चर्चा-** कांग्रेस ने नए संगठन जिलों में गहलोत राज के खत्म किए गए 9 में से 6 जिलों को छोड़कर सत्ताधारी पार्टी को मुद्दा दे दे दिया है। कांग्रेस गहलोत राज के जिले खत्म करने का विरोध कर रही है। गंगापुर और नीमकाथाना जिले खत्म करने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई जारी है। खत्म किए गए जिलों के मुद्दे पर कांग्रेस स्थानीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। अब खत्म किए गए 9 में से 6 जिलों को कांग्रेस ने संगठन का जिला बनाने लायक नहीं माना है। इस तर्क के आधार पर बीजेपी को पलटवार करने का मुद्?दा मिल गया है। अब बीजेपी के पास यह कहने का ठोस सियासी आधार मिल गया है कि गहलोत सरकार के बनाए कई जिलों को तो कांग्रेस ने संगठन का जिला बनाने लायक ही नहीं समझा तो प्रशासनिक जिला कैसे बन सकता है।


### ◆ ब्रीफ बॉक्स

### यासीन मलिक को जेल से गवाहों से सवाल पूछने की इजाजत दी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने तिहाड़ जेल में बंद जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दो मामलों में गवाहों से सवाल पूछने (जिरह) की मंजूरी दे दी है। ये मामले हैं – 1989 में रूबैया सईद के अपहरण और 1990 में श्रीनगर में चार वायुसेना जवानों की हत्या। इन मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। कोर्ट ने कहा कि जम्मू की अदालत में वीडियो कॉल की सुविधा है, इसलिए वहीं से मलिक गवाहों से सवाल कर सकते हैं। मलिक ने बताया कि वे वकील नहीं रखना चाहते और खुद ही सवाल पूछेंगे।

### शायर मुनव्वर राणा की बेटी लखनऊ में हाउस अरेस्ट



**लखनऊ, एजेंसी।** वक्फ संशोधन बिल संसद से पास हो गया है। इसका विपक्ष और मुस्लिम समुदाय के लोग विरोध कर रहे हैं। लखनऊ में पुलिस ने शायर मुनव्वर राणा की बेटी सुमैया राणा को हाउस अरेस्ट किया है। उनके घर के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। बताया, वॉट्सऐप कॉल और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें धमकाया जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल सिलेंडर ब्लास्टः पटाखा फैक्ट्री मालिक का भाई गिरफ्तार




**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा इलाके में 31 मार्च की देर रात सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ था। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। यह मुख्य आरोपी और पटाखा फैक्ट्री मालिक का भाई है। इससे पहले 2 अप्रैल को मुख्य आरोपी चंद्रकांत बानिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों भाई घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। पुलिस अब दोनों भाईयों से मामले में पूछताछ कर रही है। भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर घटना को दबाने का आरोप लगाया है।

### चांदी में भारी गिरावट, 93 हजार पर आई, सोने की चमक भी कम



**मुंबई, एजेंसी।** चांदी में शुक्रवार 4 अप्रैल को 2900 की गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के अनुसार 1 किलो चांदी 93057 के भाव से बिक रही है। 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस लेवल से चांदी 7877 गिर चुकी है। वहीं 10 ग्राम सोना 35 की गिरावट के साथ 90,310 पर आ गया है। सोने ने 3 अप्रैल को 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था। यानी, इस लेवल से सोना 895 गिर चुका है।

### टैरिफ से सहमा बाजार; सेंसेक्स 931 अंक गिरा, निफ्टी 23000 से फिसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर सूचकांक सेंसेक्स 900 अंक से अधिक टूटकर 76,000 के स्तर से नीचे आ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 930.67 अंक या 1.22 प्रतिशत गिरकर 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,054.81 अंक या 1.38 प्रतिशत गिरकर 75,240.55 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 345.65 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 22,904.45 पर बंद हुआ।

### मुख्यमंत्री बोले- अब हर 3 महीने में लगेंगे रोजगार मेले

## कहा- अलग-अलग विभागों में एक जैसे पदों पर अब एक साथ होगा एग्जाम

राजस्थान की राजनीति

जयपुर। राजस्थान में अब अलग - अलग विभागों में एक जैसे पदों पर एक समय पर ही भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश में लंबित और भविष्य में आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर समीक्षा बैठक में यह फैसला किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने लंबित चल रही भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित वक्त पर पूरा करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सवा साल में ही 5 रोजगार मेलों का आयोजन कर अब तक 67 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दे चुकी है। वहीं अब भविष्य में हर तीन महीने में ऐसे मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति दी जाएगी।

एस्ट्रा कर्मचारी लगा जल्द पूरी करें भर्ती प्रक्रिया

शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अध्यक्षता में प्रक्रिया दिन और लंबित भारतीयों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि फिलहाल प्रदेश में अलग - अलग विभागों में 1 लाख 88 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन है। जिन्हें लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती विज्ञापन जारी करने, परीक्षा आयोजित करने, परिणाम घोषित करने के साथ ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कर एस्ट्रा संसाधन और कर्मचारियों को लगाकर युवाओं को नियुक्तियां प्रदान की जाए।



### कोर्ट में लंबित 9,800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ी

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने लंबे समय से कोर्ट में लंबित लगभग 9 हजार 800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को प्रभावी पैरवी करवाकर आगे बढ़ाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोर्ट में लंबित अन्य भर्ती प्रकरणों का भी नियमों के तहत परीक्षण करवाकर उनका जल्द निस्तारण करवाया जाए। जिससे प्रदेश के युवाओं के रोजगार का इंतजार जल्द से जल्द खत्म हो सके।

### भविष्य को ध्यान में रखकर करें भर्ती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में मानव संसाधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि सभी विभाग आने वाले सालों की आवश्यकता और भविष्य में खाली होने वाले पदों को ध्यान में रखकर भर्तियां आयोजित करें। उन्होंने इन भर्तियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए सभी विभागों को मिशन मोड पर काम करने के आदेश दिए।

### मुख्यमंत्री ने कहा- समय पर आयोजित हो भर्ती परीक्षाएं

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में यह आवश्यक है कि जनता का अपने जनप्रतिनिधियों पर विश्वास मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हमारे संकल्प पत्र में की गई सभी घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध है। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने यहां रिक्त पदों पर समयबद्ध रूप से भर्ती करें। उन्होंने कहा कि एक जैसे पदों के लिए अलग - अलग विभागों में अलग - अलग भर्ती परीक्षाओं का आयोजन होने से ज्यादा समय, संसाधन और मेहनत लगती है। इसे देखते हुए समान पदों के लिए समान पात्रता लागू करने के लिए नियमों में एकरूपता लाई जाए। इसके साथ उन्होंने नवगठित जिलों में भी पद सृजित कर जल्द से जल्द भर्ती करने के निर्देश दिए। बैठक में बड़ी भर्ती परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों की कमी की समस्या को दूर करने के लिए अनुपयोगी कॉलेज भवनों को परीक्षा केन्द्र में परिवर्तित करने के निर्देश दिए।

### बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

## 'आप इसे संसद से कानून बनाने के लिए कहें'

नई दिल्ली, एजेंसी




सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर काननी प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा- यह नीतिगत मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। यह हमारे दायरे से बाहर है। हालांकि कोर्ट ने अन्य अथॉरिटी के सामने अपील करने की छूट दी है। पीठ ने कहा कि आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार अपील की जा सकती है।

**बायोमेट्रिक वैरिफिकेशन सिस्टम बनाने की मांग**

जेप फाउंडेशन की याचिका में केंद्र सरकार और अन्य अथॉरिटी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुंच को रेगुलेट करने के लिए बायोमेट्रिक वैरिफिकेशन जैसा एज वैरिफिकेशन सिस्टम शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा बाल संरक्षण नियमों का पालन करने में असफल रहने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई थी।


**सोशल मीडिया अकाउंट बनाने के लिए पेरेंट्स की सहमति जरूरी होगी...** अब 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया पर अकाउंट खोलने के लिए अपने पेरेंट्स की सहमति लेना जरूरी होगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट (डीपीडीपी), 2023 के तहत नियमों का ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। इस ड्राफ्ट को लोगों के लिए 3 जनवरी को जारी किया गया था।



### अलविदा भारत...

**दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 87 की उम्र में निधन**

जन्मः 24 जुलाई 1937
निधनः 4 अप्रैल 2025



लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर बनाई उपकार

मुंबई, एजेंसी

एक्टर मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 साल के थे। वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं।

मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने एएनआई को बताया, उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं। यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे मुंबई के पवनहंस श्मशान घाट पर होगा।

**पीएम ने लिखा- मनोज जी ने राष्ट्रीय गौरव को उभारा...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है। पीएम ने एक्स पर लिखा– महान अभिनेता और फिल्म निर्माता श्री मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुख हुआ। वह भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति के उत्साह के लिए याद किया जाता था, जो उनकी फिल्मों में भी झलकता था। मनोज जी के कार्यों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रज्वलित किया और यह पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

**21 फरवरी से भर्ती थे अभिनेता...** मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे।

**भाजपा सरकार पर फूटा गुस्सा**

### केजरीवाल ने कहा- हमने 10 सालों में प्राइवेट स्कूलों को फीस नहीं बढ़ाने दी

नई दिल्ली, एजेंसी



आम आदमी पार्टी के संस्थापक अरविंद केजरीवाल का दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर गुस्सा फूटा है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक अखबार की कटिंग शेयर की है। शेयर की ये खबर दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाने को लेकर पैरेंट्स के शिक्षा मंत्रालय की थी। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, दस साल में हमने दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों को अनाप-शनाप फीस नहीं बढ़ाने दी। शिक्षा माफिया का खात्मा किया। बीजेपी सरकार बनने के एक महीने में ही शिक्षा माफिया फिर से वापस आ गया।

**राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका**

### वीर सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में अदालत ने खारिज की याचिका

प्रयागराज, एजेंसी



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने याचिका दाखिल करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुर्माना लगाया गया था। न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनके पास सत्र अदालत के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है।

## मोदी सरकार ने 18 हजार करोड़+ की रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी

**महाराष्ट्र-ओडिशा-छत्तीसगढ़ को लाभ... मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से सुगम होगा रेल परिचालन**

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

**88.77 एमटीपीए की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी**

रेल मंत्री के अनुसार, परियोजनाओं के चलते खरसिया–नया रायपुर–परमलकासा बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्र सीधे रेल कनेक्टिविटी से जुड़ सकेंगे। इसका लाभ यह होगा कि इस क्षेत्र में सीमेंट संयंत्रों सहित नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं पैदा होंगी। ये मार्ग कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, चूना पत्थर जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक हैं। क्षमता वृद्धि के चलते 88.77 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।



**19 नए रेलवे स्टेशनों का होगा निर्माण...** रेल मंत्री ने बताया कि 19 नए स्टेशनों का भी निर्माण किया जाएगा। स्टेशनों के निर्माण से महाराष्ट्र में गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव तक कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि कनेक्टिविटी बढ़ने से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख लोगों तक लाभ पहुंचेगा।

**रेल मंत्रालय के चार परियोजनाओं में ये शामिल-** केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा पांचवीं व छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं।

मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार से गतिशीलता में सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव रेल परिचालन को सुगम बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे।

# आस्था से भरपूर गुरुमाया आश्रम

## टुंडपुरा में 7 को संत समागम और भंडारा

## सवा लाख वेदमन्त्र की पूर्ण हुई आहुतियां

राजस्थान की राजनीति



**हलैना।** उपखण्ड वैर क्षेत्र के गांव टुंडपुरा का श्री गुरुमाया भगत जी आश्रम आस्था से भरपूर है, जहां साल 1952 से लगातार प्रतिदिन यज्ञ होता है और वेद मंत्र की 11 सौ आहुतियां दी जाती है।जिसके अलावा सन्त - मानव सेवा सहित मूक बधिर जीव जंतुओ की सेवा जारी है। साथ ही गौवंश संरक्षण किया जा रहा है। इस आश्रम की स्थापना सिद्ध पुरुष रंगली भगत महाराज ने की थी। जिन्होंने वर्ष 2016में देह त्याग दिया। जिनको मूकबधिर प्राणी और मानव सेवा के साथ साथ भूखे व्यक्ति, कुत्ता, को भोजन करना एव पक्षियों को चुग्गा खिलाना पसंद था,जो ऐसा कार्य करने को ईश्वर की सेवा एव सनातनधर्म समझते थे। गुरुमाया और यज्ञ की रज प्राप्ति से दुःखी व्यक्ति को कष्ट से छुटकारा तथा उसकी मनोकामना पूर्ण हो जाती थी। सिद्ध पुरुष के निधन होने के बाद उनके शिष्यों ने श्री गुरुमाया रंगली भगत मण्डल की स्थापना की और मण्डल का संत बालक दास महाराज को संरक्षक बनाया, जिनकी देख रेख में हर साल दो बार संत सम्मेलन विशाल भंडारा तथा प्रत्येक माह की मावस और पूर्णमासी तथा सिद्ध पुरुष रंगली भगत जी महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारे आयोजित होते हैं और प्रतिदिन 50 किलोग्राम आटा की रोटियां दोनों वक्त संत,जरूरतमंद व्यक्तियों को खिलाई जाती है। ये सेवा आज भी जारी है। गुरु माया भगत की मंडल और सिद्ध पुरुष रंगली के शिष्यों द्वारा टुंडपुरा में आश्रम पर राष्ट्रीय सन्त बालक दास जी महाराज के सानिध्य में श्रीराम यज्ञ, अखण्ड रामायण पाठ, प्रवचन एव भजन - कीर्तन जारी है। जिसमें भारी संख्या में सन्त व भक्त लोग शामिल हो रहे है। कार्यक्रम में भरतपुर,डीग, सवाईमाधोपुर, अलवर, जयपुर, करौली, गोवर्घन,वृदांवन, पुष्कर , दौसा, मथुरा, प्रयागराज, कामा आदि स्थानों से सन्त,भक्त लोग शामिल हो रहे है। गुरुमाया भक्त मंडल सेवकों ने बताया कि गांव टुंडपुरा स्थित श्री गुरु माया रंगली भगत आश्रम पर 30 मार्च से 7 अप्रैल तक अखंड रामायण और नित्य श्री राम यज्ञ की आहुतियां, प्रवचन,सन्त ,मानव सेवा, मूक बधिर प्राणियों की सेवा, भजन संध्या,महाआरती आदि कार्यक्रम जारी है। 7 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर का संत समागम , श्रीराम यज्ञ की पूर्णाहुति, भंडारा आदि कार्यक्रम होंगे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर सांसदकी पहल पर 16 ब्लैक स्पॉट्स में से 9 को स्वीकृति मिली, 7 ब्लैक स्पॉट्स अंडर प्रक्रियाधीन हैं

राजस्थान की राजनीति



**विष्णु आशीर्वाद/दौसा।** दौसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद मुरारी लाल मीना ने गत गत दिनों संसद और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर एनएच 21 पर ब्लॉक ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उनकी आवाज उठाई थी संवर को 16 ब्लैक स्पॉटों में से 9 ब्लैक स्पॉट को स्वीकृति मिल गई। बाकी 7 ब्लैक स्पॉट अंडर प्रोसेसिंग है । इनमें प्रमुख रूप से, सिकंदरा चौराहा, भांडारेज मोड, जयपुर बायपास, बैंदाडा मोड आदि अंडर प्रोसेसिंग है तिवारी हॉस्पिटल, दौसा कलेक्टर चौराहा, पुलिस लाइन, नांगल बैरसी, बाँसखो फाटक,बस्सी, कानोता ,बालाजी मोड, मानपुर चौराहा आदि महत्वपूर्ण स्थान को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्थानों पर फ्लाईओवर और अंडरपास बनने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और ट्रैफिक का संचालन सुचारू रूप से होगा, जिससे आमजन को राहत मिलेगी। सांसद मुरारी लाल मीना ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए पिछले शीतकालीन सत्र में संसद में उठाया था और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर समाधान की मांग की थी। उनकी पहल पर अब इस दिशा में ठोस कार्यवाही शुरू हो रही है।सांसद मुरारी लाल मीना ने कहा कि जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और वह सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों से इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की, ताकि आमजन को सुरक्षित और सुगम यातायात सुविधा मिल सके।

# राज्यपाल से जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा की मुलाकात



राजसथान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा की मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयो पर चर्चा की। राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर की यह शिष्टाचार भेंट थी।

# श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ सिरस आस्था की स्थली

## भगवान महावीर सहित 24 तीर्थकर विराजमान

## विश्व के प्रसिद्व जैन मन्दिर सूची में शामिल सिरस जैन मन्दिर

## 18 अप्रैल को सिरस में रथ यात्रा मेला

राजस्थान की राजनीति





**हलैना(विष्णु मित्तल)।** पूर्वी राजस्थान के भरतपुर जिले के उपखण्ड वैर के गांव सिरस में स्थित श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ देश-विदेश के जैन समुदाय का आस्था का केन्द्र है,जहां कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी सहित जैन समुदाय के 24 तीर्थकर की प्रतिमाएं विराजमान है। जैन समुदाय के अलावा अन्य धर्म के लोग भी दर्शन को आते है,जिसमें जैन व हिन्दु समुदाय से वैश्य समाज अधिक आता है। ये मन्दिर जैन समुदाय के विश्व प्रसिद्व जैन मन्दिरों की सूची में शामिल है और मन्दिर करीब 2 हजार साल पुराना है। मन्दिर की देखभाल,निर्माण,जीर्णोद्वार, रखरखाव आदि व्यवस्था व अन्य कार्य के लिए श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट बना हुआ है। साल में एक बार जैन रथयात्रा मेला,अनेक उत्सव एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम होते है। साल 2023 में जैन तीर्थ सिरस पर जैन समुदाय के 24 तीर्थकर की प्रतिमाएं स्थापित हुई। 18 अप्रेल 2025 को भगवान श्री महावीर जी रथ मेला लगेगा।

### प्रजापत को मिट्टी खुदाई मिली प्रतिमा

सिरस के जैन मन्दिर में विराजमान भगवान कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी की प्रतिमा को लेकर अनेक किदवंतियां है। जिनमें प्रजापत को मिट्टी खुदाई में मिली सर्वाधिक है। जैन समुदाय के लोग बताते है कि करीब 300 साल पहले सिरस गांव की एक प्रजापत महिला मिट्टी के वर्तन बनाने को पोखर से मिट्टी निकाल रही थी। जहां एक टीले पर एक गाय के चारों थन से दूध की धार निकल रही थी और उसे देख वह लौट आई। रात्रि को उसे सपना दिखाई दिया,जहां गाय के थन से दूध निकल रहा था,उस टीले के नीचे एक प्रतिमा की झलक दिखाई दी। महिला ने रात्रि के सपना के दृश्य एवं गाय के थन से दूध निकलने की बात गांव के लोगों को बताई। गांव के लोगों ने एकत्रित होकर टीले की खुदाई की,टीले के नीचे प्रतिमा मिली,जो प्रतिमा भगवान महावीर जी की निकली। ग्रामीणों ने प्रतिमा को एक चबूतरा का निर्माण करा कर विराजमान करा दिया और आज जैन समुदाय के लोग उसकी पूजा-अर्चना करते रहे।

### धन्धा का अभाव देख किया पलायन

सिरस गांव में करीब 250 साल पहले तक जैन समुदाय के अनेक परिवार निवास करते,जिनका मुख्य कार्य व्यापार व कृषि था। इनका व्यापार देश-विदेश तक होता था। अकाल,सूखा व धन्धा कमजोर से परेशान होकर व्यापार के उद्देश्य से ये अन्य स्थान को पलायन कर गए और जहां भी गए एवं उनका व्यापार जम गया,वे उसी स्थान पर स्थाई निवासी हो गए। जो केवल सिरस गांव में मन्दिर के दर्शन करने आते है और कुछ दिन ठहराव कर वापिस यथा स्थान लौट जाते। वैर निवासी सतीश जैन ने बताया कि सिरस गांव प्राचीनकाल में जैन समुदाय का था,जहां भारी सख्यां में जैन परिवार रहते थे। आज भी जैन समुदाय के घर बने हुए है। ग्रामीणों के द्वारा कभी-कभी गांव में निर्माण कराने को खुदाई करते है,तो खुदाई में मन्दिर के पत्थर व प्राचीन ईंट आदि निकलते है और गांव के लोग आज भी सिरस गांव को जैन समुदाय का गांव बताते है।

### भाई-बहिन के प्रेम का प्रतीक

गांव सिरस का जैन मन्दिर भाई-बहिन के प्रेम का प्रतीक कहलाता है,जिसका आज भी गुणगान होता है। संवत 1828 में भरतपुर रिसायत के तत्कालीन महाराजा के दीवान रहे को अलवर जिले के गांव हरसाणा निवासी दीवान जोधराज पल्लीवाल की बहिन ब्याही थी,जो अपनी बहिन से सर्वाधिक प्रेम एवं लगाव रखते थे। एक बार दीवान पल्लीवाल गांव सिरस में अपनी बहिन से मिलने आए,जिन्होने बहिन की कृपा की कृपा से भगवान श्री महावीर जी की प्रतिमा के दर्शन किए। बहिन ने भाई पल्लीवाल से चबूतरा के स्थान पर मन्दिर निर्माण का आग्रह किया। बहिन के आग्रह को स्वीकार कर भव्य मन्दिर का निर्माण कराया और भगवान श्री महावीर जी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई। आज भी जैन समुदाय व क्षेत्र के लोग पुराने जैन मन्दिर को भाई-बहिन के प्रेम वाला मन्दिर कहते है।

### जैन मन्दिर पर विराजमान प्रतिमाएं

ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन और पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि सिरस जैन तीर्थ के भगवान श्री महावीर जी मन्दिर पर कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी सहित जैन समुदाय के 24 तीर्थकर की प्रतिमाएं विराजमान है। 24 तीर्थकर ऋषभदेव , अजितनाथ , सम्भवनाथ , अभिनंनदन , सुमतिनाथ , पद्ममप्रभु , सुपार्श्वनाथ , चन्दाप्रभु , सुविधिनाथ , शीतलनाथ , श्रेयांसनाथ , वासुपूज्य , विमलनाथ , अनंतनाथ , धर्मनाथ , शान्तिनाथ , कुंथनाथ , अरनाथ , मल्लिनाथ , मुनिसुव्रत , नमिनाथ , अरिष्टनेमि , पार्श्वनाथ की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा है।

### जैन रथ मेला कार्यक्रम

श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन भिवाडी, पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन,मंत्री रिखवचन्द जैन,कोषाध्यक्ष विमल चन्द जैन ने बताया कि श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट एवं जैन समुदाय की ओर से गांव सिरस के मन्दिर पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम होते है,लेकिन वैशाख वदी पंचमी के दिन प्रति साल मेला लगता है। जिस दिन रथयात्रा निकाली जाती है और अनेक कार्यक्रम आयोजित होते है। वैशाख वदी पंचमी के दिन दीवान जोधाराज पल्लीवाल बहिन से मिलने रथ से आए। जिनकी यादगार में प्रतिवर्ष रथ मेला लगता है। जिसमें राजस्थान,गुजरात, उत्तरप्रदेश, दिल्ली,महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश,हरियाणा आदि प्रान्त से जैन समुदाय के लोग आते है। उन्होने बताया कि गांव सिरस जैन तीर्थ स्थित कलिकाल कल्पतरू श्री महावीर स्वामी सिरस धाम पर 18 अप्रेल का भव्य वार्षिक मेला आयोजित होगा। मेले के दिन सुबह 7 बजे से नवकारशी,सुबह 9 बजे भगवान कलिकाल कल्पतरू श्री महावीर स्वामी की पूजा.अर्चना,रथ यात्रा की बोली,सुबह 11 बजे से स्वामी वात्सल्य, दोपहर 12बजे रथयात्रा,यात्रा के बाद माला की बोली आदि कार्यक्रम होंगे। उन्होने बताया कि सिरस जैन तीर्थ पर 18 अप्रेल को आयोजित मेले में भरतपुर, अलवर, जयपुर, करौली, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, टुण्डला, दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता, अहमदाबाद, अजमेर, कानपुर, लखनऊ, सवाईमाधोपुर, पलवल,नोएडा, गाजियाबाद, टोंक,कोटा,झालावाड,डीग आदि जिले सहित कस्वा खेडलीगंज, भिवाडी, वैर, बल्लभगढ, हिण्डोन, महवा, बयाना आदि स्थान के जैन समुदाय के लोग शामिल होंगे।

# हलैना अनाज मंडी 11 लाख का कैश चोरी

## अनिश्चितकालीन व्यापारियों ने विरोध में मंडी बन्द

## 5 दुकानों के ताले तोड़

## घटना के समय सो गए गार्ड

राजस्थान की राजनीति



**हलैना (भरतपुर)।** जयपुर आगरा नेशनल हाईवे स्थित अनाज मंडी के अंदर अज्ञात चोरों ने 5 दुकानों को अपना निशाना बनाकर मण्डी में दो दुकानों से करीब 11 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। वहीं 3 दुकानों के चोरों ने सिर्फ ताले तोड़े। घटना के समय मंडी में तैनात दोनों गार्ड सो गए थे। ये घटना सुबह 5 बजे जब गार्डो ने दुकानों के ताले टूटे देखे तो होश उड़ गए और घटना की सूचना व्यापारियों को दी। घटना को लेकर मण्डी के व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन समय के लिए मंडी बंद रखने का निर्णय लिया है।अनाज मंडी के अध्यक्ष योगेश जिंदल ने बताया कि हलैना स्थित अनाज मंडी के अंदर देर रात चोरों ने मंडी के 5 दुकानों के ताले तोड़े। चोर बनवारी लाल की दुकान से 8 लाख 63 हजार रुपये कैश और भदौरिया इंटरप्राइजेज की दुकान से 1 लाख 81 हजार 2 सौ रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। रात को मंडी में दो गार्ड सुरक्षा के लिए लगाए हुए हैं। वह रात को सो गए थे। चोरी करीब रात 3 से 4 बजे के बीच में हुई। इसके अलावा चोरों ने सियाराम भूप सिंह, सैनी इंटरप्राइजेज, शांति ट्रेडिंग कंपनी की दुकानों के भी ताले तोड़े हैं।

सुबह करीब 5 बजे जब गार्डो ने दुकानों के ताले टूटे हुए देखे तो, उन्होंने व्यापारियों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद व्यक्ति मौके पर पहुंचे और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों में काफी रोष है। व्यापारियों ने यह निर्णय लिया है कि जब तक पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर देती तब अनिश्चितकालीन समय के लिए मंडी को बंद रखा जाएगा। वहीं हलैना थाना अधिकारी जगदीश चंद्रा का कहना है कि चोरी की घटना के बाद पुलिस से पुलिस चोरों को ढूंढने की कोशिश कर रही है। वहीं व्यापारियों से भी समझाइश की जा रही है। फिलहाल चोरों का कुछ पता नहीं लग पाया है लेकिन, चोरों को पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं।

# भारतीय संस्कृति की धरोहर है मेला

## बल्लभगढ़ में पहलवानों ने दिखाएं

राजस्थान की राजनीति



**हलैना।** ग्राम पंचायत,देवी माता मेला कमेटी तथा गांव के लोगों की ओर से गांव बल्लमगढ़ चल रहे बल्लमगढ़ देवी माता - कुश्ती दंगल मेला के दूसरे दिन स्थानीय एव देश के अनेक राज्यों से आए पहलवानों ने कुश्तियों के दावपेच दिखा कर ग्रामीणों की वाही वाही हासिल की।साथ ही मेलार्थियों ने मेले का आनन्द ले कर देवी माता की पूजा अर्चना की। मेले में आए वक्ताओं ने कहा कि मेला प्रेम की भावना और भाईचारा के प्रतीक हैं और मेले भारतीय संस्कृति की धरोहर है। मेले के आयोजन और देवी - देवताओं की पूजा- अर्चना करने देश और समाज में प्रेम की भावना जागरूक होती है। साथ ही देश भक्ति व सनातन धर्म को बढ़ावा मिलता है। कुश्ती दंगल से लोगों में कुश्तियों के प्रति लगाव , दावपेच की कला , मनोरंजन की प्राप्ति और ज्ञान प्राप्त होता है। ये हमें निरोगी जीवन जीने का ज्ञान भी देता है।

ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि दिलीप मीणा ने बताया कि गांव बल्लभगढ़ में देवी श्री माता मेला लगा हुआ है। मेले में बल्लमगढ़, भुसावर,जहाज,कलसाड़ा,निठार कारवान,वैर,तालछिड़ी,मागरैन , खरेरी आदि गांव के लोगों ने देवी माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की।मेले में कमेटी संरक्षक पूर्व सरपंच कलुआराम मीणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश सिंह सैनी,दिलीप सिंह सैनी, भगवान सिंह सैनी,ग्यासियाराम,अमरसिंह ग्राम विकास अधिकारी सोमवीर सिंह सैनी आदि का सहयोग रहा।

# हलैना अनाज मंडी 11 लाख का कैश चोरी

## अनिश्चितकालीन व्यापारियों ने विरोध में मंडी बन्द

## 5 दुकानों के ताले तोड़, घटना के समय सो गए गार्ड



राजस्थान की राजनीति

**हलैना (भरतपुर)।** जयपुर आगरा नेशनल हाईवे स्थित अनाज मंडी के अंदर अज्ञात चोरों ने 5 दुकानों को अपना निशाना बनाकर मण्डी में दो दुकानों से करीब 11 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। वहीं 3 दुकानों के चोरों ने सिर्फ ताले तोड़े। घटना के समय मंडी में तैनात दोनों गार्ड सो गए थे। ये घटना सुबह 5 बजे जब गार्डो ने दुकानों के ताले टूटे देखे तो होश उड़ गए और घटना की सूचना व्यापारियों को दी। घटना को लेकर मण्डी के व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन समय के लिए मंडी बंद रखने का निर्णय लिया है।अनाज मंडी के अध्यक्ष योगेश जिंदल ने बताया कि हलैना स्थित अनाज मंडी के अंदर देर रात चोरों ने मंडी के 5 दुकानों के ताले तोड़े। चोर बनवारी लाल की दुकान से 8 लाख 63 हजार रुपये कैश और भदौरिया इंटरप्राइजेज की दुकान से 1 लाख 81 हजार 2 सौ रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। रात को मंडी में दो गार्ड सुरक्षा के लिए लगाए हुए हैं। वह रात को सो गए थे। चोरी करीब रात 3 से 4 बजे के बीच में हुई। इसके अलावा चोरों ने सियाराम भूप सिंह, सैनी इंटरप्राइजेज, शांति ट्रेडिंग कंपनी की दुकानों के भी ताले तोड़े हैं। सुबह करीब 5 बजे जब गार्डो ने दुकानों के ताले टूटे हुए देखे तो, उन्होंने व्यापारियों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद व्यक्ति मौके पर पहुंचे और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों में काफी रोष है। व्यापारियों ने यह निर्णय लिया है कि जब तक पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर देती तब अनिश्चितकालीन समय के लिए मंडी को बंद रखा जाएगा। वहीं हलैना थाना अधिकारी जगदीश चंद्रा का कहना है कि चोरी की घटना के बाद पुलिस से पुलिस चोरों को ढूंढने की कोशिश कर रही है। वहीं व्यापारियों से भी समझाइश की जा रही है। फिलहाल चोरों का कुछ पता नहीं लग पाया है लेकिन, चोरों को पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं।

# दुष्कर्म के आरोप में दुकानदार गिरफ्तार

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप

राजस्थान की राजनीति



**हलैना (भरतपुर)।** जिला भरतपुर मृदुल कच्छावा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीणा एव उप अधीक्षक पुलिस धर्मेंद्र शर्मा कुशल पर्यवेक्षण में कस्बा हलैना थानाधिकारी जगदीशचन्द डागुर के नेतृत्व मे गठित स्पेशल टीम ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में थाना के गांव भगतपुरा निवासी 20 वर्षीय टिंकु कुमार पुत्र रामेष्वरदयाल जाटव को गिरफ्तार किया है। आरोपी कस्बे में रेडीमेड कपड़े की दुकान करता था जिसने उक्त बालिका को लालच देकर दुष्कर्म किया। पुलिस टीम में थाना के प्रभारी जगदीष चन्द्र, गुमान सिंह,बालकृष्ण शामिल थे।

# श्यालावास जेल में तलाशी में फिर मिला मोबाइल



राजस्थान की राजनीति

**विष्णु आशीर्वाद/दौसा।** प्रदेश भर की जेल के अंदर मोबाइल मिलने का मामला प्रकाश में लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। ऐसे में दौसा की श्यालावास जिले मोबाईल मिलने को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी है। ये वो जेल है जहाँ देश के हार्डकोर कैदियों को रखा जाता है। यही से सीएम भजनलाल शर्मा को दो बार धमकी मिल चुकी है। एक दर्जन मोबाईल मिल चुके है। मोबाईल मिलने वाले मामले में जेल प्रहरी सहित कई अधिकारी पर गाज भी गिर चुकी है। नर्सिंग कर्मी भी एक्शन की भेट चढ़ चुके है फिर भी जेल में लगातार मोबाईल या सिम मिलने का शिलशिला लगातार जारी है और चार दिन पहले ही जेल डीजीपी रूपीन्द्र सिंह ने भी एसपी सागर राणा के साथ जेल का निरिक्षण किया था। हालांकि निरिक्षण के दौरान तो कुछ नहीं मिला लेकिन अगले ही दिन जेल प्रहरी ने एक नर्सिंग कर्मी को सिम ले जाते जरूर पकड़ा था फिर उसके बाद ऐब मोबाईल ले जाते फिर पकड़ा है। जिससे एक बार फिर श्यालावास जेल लगातार सुर्खियों में बनी है है। हालांकि जेल से फिर से मोबाइल मिलने पर जेल प्रशासन की पोल खुल गई है और व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक बार फिर मोबाइल मिलने के मामले में जेल प्रशासन द्वारा पापड़दा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। नांगल राजावतान डिप्टी एसपी चारुल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन जेल प्रशासन द्वारा पापड़दा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। मोबाइल मिला है मोबाइल कीपैड मोबाइल है जिसको लेकर अब पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। लेकिन देखने वाली बात ये है कि जेल में लगातार प्रतिबंधित वस्तुए का मिलना कही ना कही जेल में ले जाने वाले और भेजने वाले बेखौफ जरूर नजर आ रहे है ये कहना गलत नहीं होगा।

## चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नवरात्रि के आठवें दिन मां गौरी की, की गई विधि विधान से पूजा अर्चना

### आज होगा कन्याओं का घर-घर पूजन



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को शहर में आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु मां महागौरी के दर्शन करने और उनका आशीढ्र्वाद प्राप्त करने के लिए मंदिरों की ओर उमड़ पड़े। मंदिरों में विशेष सजावट की गई है,

### घर-घर हुआ कन्या पूजन

अष्टमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर शहर वासियों ने नौ कन्याओं और एक लंगुरिया स्वरूप बालक का पूजन किया। श्रद्धालुजनों ने कन्याओं के चरण धोकर उन्हें आसन पर बैठाया और उनके समक्ष हलवा, पूड़ी, चने, फल का भोजन कराकर कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ अर्जित किया।

पंडित घनश्याम शर्मा ने बताया कि, चैत्र नवरात्रि का आठवां दिन मां महागौरी को समर्पित होता है। महागौरी को शांति, करुणा और पवित्रता की देवी माना जाता है। इनकी पूजा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने बताया कि, महागौरी की कृपा से भक्तों के पापों का नाश होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## पीएनबी बैंक में दिनदहाड़े बैग में चीरा लगाते हुए करीब ढेड़ लाख की नगदी पार

### केसीसी की राशी जमा कराने के लिए पीएनबी बैंक में गया करीली निवसी युवक

### पीडित ने कराया मामला दर्ज, अज्ञात महिला पर लगाया नकबजनी का आरोप

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नदबई मुख्य बाजार में रेलवे फाटक समीप पीएनबी बैंक में दिनदहाडे बैग में चीरा लगाते हुए करीब ढेड़ लाख की नगदी पार कर एक महिला फरार हो गई। पीडित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच, सीसीटीवी फटेज जांच पडताल कर अज्ञात महिला का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी। पुलिस सूत्रों की मानें तो करीली निवासी विजयराम जाटव पुत्र घीसाराम, पीएनबी बैंक में अपने पिता के केसीसी कॉर्ड में करीब दो लाख 76 हजार रुपए जमा कराने गया। इसी बीच बैक रशीद भरने दौरान अज्ञात महिला, पीडित के बैग में चीरा लगाते हुए करीब ढेड़ लाख की नगदी पार कर ले गई। कैश काउण्टर पर राशी जमा कराने दौरान बैग से ढेड़ लाख की नगदी गायब देख, पीडित ने शोर-शराबा किया। पीडित के शोर मचाने पर बैंककर्मियों ने सीसीटीवी फुटेज जांच पडताल करते हुए पुलिस को सूचना दी। सीसीटीवी में अज्ञात महिला, पीडित के बैग से राशी पार करता देख पुलिस ने महिला को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी। बाद में करीली निवासी पीडित ने अज्ञात महिला के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।

## नदबई 33 केवी फीडर पर कस्बे में 3 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** 33/11 केवी नदबई जीएसएस पर विद्युत मरम्मत कार्य के चलते कल रविवार को तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति से वंचित रहना पड़ेगा। यह जानकारी विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता कृष्णवीर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी नदबई सिटी थर्ड फीडर पर आने वाली शांति कॉलोनी, डहरा रोड, हलैना रोड और कासगंज रोड सहित आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति कल सुबह 7 बजे से 10 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी।

## मेहंदीपुर बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव 6 अप्रैल से

### 11 दिन होंगे भव्य आयोजन, मंदिर की आकर्षक सजावट के साथ अन्य तैयारियां जोरों पर

राजस्थान की राजनीति

**दौसा।** उत्तर भारत के बड़े धर्मस्थलों में प्रसिद्ध आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यहां 11 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव रामनवमी 6 अप्रैल से शुरू होगा, इसकी तैयारियां जोर-जोर से की जा रही हैं। इसे लेकर सीताराम



मंदिर, बालाजी दरबार, मंदिर परिसर की भव्य सजावट की जा रही है। मंदिर ट्रस्ट सचिव एमके माथुर ने बताया कि सिद्धपीठ के महंत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में 11 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव रामनवमी से शुरू होगा, जो कि 15 अप्रैल तक चलेगा। महोत्सव के दौरान अत्यधिक भीड़ की सम्भावना के चलते दौसा व करौली प्रशासन को पत्र भेजकर व्यवस्थाओं में सहयोग का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर महोत्सव को लेकर आस्थाधाम में पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा, प्रसादी, भोजन पैकेट व्यवस्था, सुगम दर्शन व्यवस्था, व्यवस्थित कतारें, पानी, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यापक तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा चुका है। व्यापक सुविधाओं के साथ प्याऊ, अस्थाई चल शौचालय, दर्शनों के बाद दर्शनार्थियों को भोजन के पैकेट, एम्बुलेंस सहित यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से अतिरिक्त गार्डों की तैनाती की जाएगी।

### अस्पताल प्रशासन व मेडिकल कॉलेज में जोरदार ठनी

# पहले धरती के भगवानो के बीच हुई तकरार फिर कलेक्टर देवेंद्र कुमार की मध्यस्थता में हुई सुलह

### आरएमटीसी की चेतावनी पीएमओ द्वारा फिर से ऐसा किया गया तो फिर से ताल ठोकेंगे और वो राज्य व्यापी होगा, फिर हम एमएस आये बिना नहीं मानेगे




राजस्थान की राजनीति

**विष्णु आशीर्वाद/दौसा।** दौसा के सबसे बड़े अस्पताल रामकरण जोशी जिला चिकित्सालय में इन दोनों डॉक्टर्स के बीच कलह चल रहा है, कलह भी इस लेवल का चल रहा कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने अस्पताल में काम करना ही बंद कर दिया। इतना ही नहीं अस्पताल प्रशासन पर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स ने गंभीर आरोप लगाए हैं, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक शिक्षकों ने शुक्रवार को अचानक अस्पताल में काम करना बंद कर दिया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया और इस ज्ञापन में जो लिखा गया उससे हड़कंप मच गया। ज्ञापन के जरिए जब मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर का गुस्सा फूटा तो हड़कंप मच गया। तत्काल दौसा के कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने शनिवार को जिला अस्पताल के डॉक्टर और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर को वार्ता के लिए अपने चेंबर में बुलाकर एक - एक बिंदु पर चर्चा कर एक बार फिर अस्पताल की व्यवस्थाएं पटरी पर लाने की कोशिश की।

वीओ - दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते में यह तय हुआ कि जब तक जिला अस्पताल में मेडिकल अधीक्षक नहीं बन जाता है तब तक पीएमओ किसी भी मेडिकल कॉलेज फैकेल्टी को किसी भी प्रकार का नोटिस या उन पर कमेटी गठित नहीं करेंगे। अगर उन्हें ऐसा लगता है तो वह प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज को उनके बारे में अनुशंसा कर सकते हैं। किसी भी फैकल्टी से पीएमओ द्वारा अनुचित व्यवहार नहीं किया जाएगा। पीएमओ द्वारा जो भी नोटिस या कमेटी इन दोनों पीएमओ ने बनाई है वह उन्हें तुरंत प्रभाव से निरस्त करेंगे। महीने में दो बार पीएमओ प्रिंसिपल से मीटिंग करेंगे। विभाग अध्यक्ष के कार्य क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। मरीजों के हित में पीएमओ सभी विभाग अध्यक्षों से सामंजस्य बिठाते हुए सभी चिकित्सकों को साथ लेकर काम करेंगे। आदि बातों पर समझौता होने पर फिलहाल मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर और पीएम के बीच गतिरोध समाप्त हो गया है। लेकिन आरएमसीटी के अध्यक्ष यह गतिरोध व समझौता कब तक चलेगा यह आने वाला वक्त बताएगा। डॉ रमेशचंद्र शर्मा का कहना है कि अगर आगे ऐसा हुआ तो किसी डॉक्टर या फीमेल के साथ गलत हो रहा है तो फिर से ताल ठोकेंगे और वो राज्य व्यापी होगा। फिर हम एमएस आये बिना नहीं मानेगे हमे मेडिकल सुप्रीम बना दीजिये .पीएमओ वैसे डायरेक्ट हमारे अधिकारी नहीं होते है। हमारे अधिकारी प्रिंसिपल होते है या फिर एमएस होते है। वही पीएमओ डॉ आरके मीणा ने कहा कि जिला अस्पताल का पीएमओ में हूं इनका काम करना ,इनका मैनेजमेंट और यहां जो दुखी लोग आते हैं बीमार लोग आते हैं और हमारे इनका काम करना है इनका मैनेजमेंट देखना हमारा काम है। अस्पताल के कैंपस में मेरा ही अधिकार क्षेत्र है। अस्पताल में किसी के कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार में हूं। महिला चिकित्सा के साथ व्यवहार को लेकर किसी महिला ने तो मेरे से कोई शिकायत की नहीं। कलेक्टर साहब के सामने उन्होंने यह कहा कि हमें कोई शिकायत नहीं थी और कुछ शिकायत नहीं है तो क्या कहते हैं और उन्होंने मान लिया कि हम आज ही काम पर चल चलेंगे थोड़ा सा डॉक्टर में आपस में इगो टकराता है। कई बार ईगो हो जाता है लेकिन शांति हो जाता है उधर वह मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक हैं इधर हमारे चिकित्सक हैं। ईगो होता है कि हम बड़े हम बड़े सब में होता है। मेरे नजरों से सारे ही डॉक्टर बड़े हैं।

### पीएमओ डॉक्टर आर मीणा का कहना है

जिला चिकित्सा कल का मारा पूरा बड़ा परिवार है 24 डॉक्टर छोटी-मोटी बात को लेकर विवाद हो गया था उनके मन में चिंता रही कॉलेज में भी राखी और मेरे पास भी राखी उसके बाद जिला कलेक्टर ने दोनों पक्षों को बुलाया था वह समझाएं करवाई थी जिला चिकित्सालय का पीएमओ में हूं जो यहां दुखी लोग और बीमार लोग आते हैं इनका काम करना समाधान करना हमारा काम है उनका मैनेजमेंट देखना हमारा काम है संस्थान का किसी को कोई परेशानी ना हो टिमली उनका इलाज मिले टाइम में उनकी जांच हो टाइमिंग से देखें यह व्यवस्था के सारे हमारे काम है राजस्थान अस्पताल कैंपस कदर काम मेरा ही है कुछ भी होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी होती है महिला चिकित्सालय के आरोप में बोले मेरी ऐसी कोई बात नहीं ना ऐसी कोई शिकायत हुई ऐसी कोई बात ही नहीं हुई समझौता हुआ है सभी राजी हो गए हमें किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है दूसरे पक्ष में मान लिया कि एक दूसरे डॉक्टर में इगो टकराता है जिस कारण मामला शांत हुआ है वह मेडिकल कॉलेज के चिकित्सालय जिला चिकित्सालय के डॉक्यूमेंट आपस में इगो को लेकर बड़ा डाक्टर कौन इस बात को लेकर विवाद हो गया था

### डाक्टर रमेश शर्मा का कहना

पिछले 20-25 दिनों से जब से नहीं पीएम साहब बने जब से हमारी दिक्कत बढ़ गई थी जिला अस्पताल का क्षेत्र को अतिक्रमण कर रहे थे दूसरा क्या कॉलेज की जो फैकल्टी है थोड़ा सा उसमें उनका हरासमेंट लग रहा था डॉक्टर से बदतमीजी की एक कारण भी चिकित्सा को नोटिस दिया कई बार समझाने की कोशिश अवॉइड भी किया लेकिन इस मामले को लेकर हमने कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने दोनों पक्षों को बुलाया 2 घंटे पूरी चर्चा हुई फाइनल लेक्चर का निकला अभी यह किसी भी मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी के अंदर कोई कागज लेने का कोई कमेटी नहीं मानेंगे या कोई काम नहीं कर तो तो प्रिंसिपल से अनुशंसा कर सकते हैं प्रिंसिपल कमेटी बनाकर उसे मामले की जांच करवाएंगे कलेक्टर साहब ने इस मामले की आश्वासन दिया है अस्पताल के अंदर डेवलपमेंट के लिए बात हुई है उसमें हमें सपोर्ट करेंगे साथ में रहकर काम करने का पीएमओ ने आश्वासन दिया है मिलजुल कर अब काम करेंगे मेडिकल कॉलेज का विकास जब हो पाएगा जब मेडिकल एजुकेशन प्रिंसिपल आने के बाद ही होगा अगर पीएमओअगर हस्तक्षेप करते हैं तो हम राजस्थान लेवल पर हड़ताल करेंगे हड़ताल ठोक देंगे सब कलेक्टर साहब के सामने हमारी बातें हुई है और स्वीकार किया है समझो तो वह है अगर फिर भी अगर इंटर करते हैं तो डॉक्टर के साथ या गलत हो रहा है तो और हम राजव्यापी हड़ताल ठोकर आंदोलन करेंगे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान बीती देर रात जिला कलेक्टर से हुई धक्का मुक्की







राजस्थान की राजनीति

**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** जिला प्रशासन और नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान बीती देर रात तक जारी रहा हैं.जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की मौजूदगी में नगर परिषद की टीम ने बीती रात को पुराना डाकखाना चौराहे से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की.नालो पर हो रहे अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से धवस्त करा दिया। टीम जैसे ही कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा के निवास पर पहुंची और कॉमर्शियल भवन के सामने बुलडोजर की मदद से नाले पर हो रहे अतिक्रमण को ध्वस्त कराने लगी तो मौके पर मौजूद विधायक बोहरा के समर्थको ने जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी से धक्का मुक्की कर दी.लेकिन मौके पर मौजूद नगर परिषद के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने समर्थको को वहां से हटा दिया। विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ एसपी सुमित मेहरणा मौके पर पहुंच गए.इसके बाद बुलडोजर ने विधायक के कॉमर्शियल भवन और उनके निवास के सामने नाला को खोद दिया। इसके बाद नगर परिषद की टीम ने सराय गजरा में सड़क के दोनों तरफ हो रहे अतिक्रमणो को बुलडोजर से धवस्त कराया।

नगर परिषद की टीम देर रात को शहर के जगन चौराहा पर पहुंची और नाला और दुकानों के सामने हो रहे अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से धवस्त कराया। टीम जैसे ही बीजेपी नेत्री नीरजा शर्मा के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और जगन टॉकीज पर पहुंची तो बुलडोजर की मदद से टॉकीज की चारदीवारी और सीढ़ियों को धवस्त कर दिया। इसके बाद यहां विवाद हो गया.बीजेपी नेत्री नीरजा शर्मा ने जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी को खरी खोटी सुना दी और आपस में बहस हो गई.बीजेपी नेत्री ने जिला कलक्टर से कहा कि बिना नोटिस दिए कार्रवाई कर रहे हो और नाला के ऊपर कोई निर्माण नहीं हैं.बीजेपी नेत्री नीरजा शर्मा को गुस्से में देख नगर परिषद की टीम ने अतिक्रमण की कार्रवाई को देर रात वही रोक दिया।



नगर परिषद की टीम ने जगन चौराहा पर नापतौल कर दोनों तरफ दुकानों पर निशान लगा दिए हैं.क्योकि यहां ज्यादातर दुकाने नाला के बाहर या फिर नाले के ऊपर बनी हुई हैं.टीम ने निशान लगाने के बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की चेतावनी दी हैं.

धौलपुर शहर में नगर परिषद् और जिला प्रशासन की ओर से पिछले कुछ दिन से अवैध अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं और शहर के सभी नालों को खोला जा रहा है। दो अप्रैल को भी बीजेपी नेता एवं पार्षद अकील अहमद समेत दो बिल्डिंगो को ध्वस्त कर दिया था.बीजेपी नेता ने जिला प्रशासन पर पक्षतापूर्ण कार्रवाई के आरोप लगाए थे. बता दें की पिछले साल भारी बारिश के कारण धौलपुर शहर में तीन दर्जन से अधिक कॉलोनियां जलमग्न हो गई थी। ऐसे हालात से बचने के लिए जिला प्रशासन और नगर परिषद ने अवैध अतिक्रमण हटाना शुरू किया। कार्रवाई को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि बारिश के समय धौलपुर शहर में जलभराव की समस्या ज्यादा रहती हैं.नालो पर अतिक्रमण कर चबूतरे बना लिए हैं और जाम की समस्या को ख़त्म करने के लिए अतिक्रमण हटा रहे हैं.क्योंकि चार महीने बाद बारिश शुरू होने वाली हैं और जनता को जलभराव की समस्या से निजात दिलाएंगे। साथ ही जाम की समस्या से निजात दिलाएंगे। विधायक के निवास पर धक्का मुक्की को लेकर कलक्टर ने बताया कि ऐसा ज्यादा कुछ नहीं हुआ और लोग चैनल गेट पकड़े हुए थे उन्हें जेसीबी से दूर हटाया हैं. धौलपुर नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि नालो पर हो रहे अतिक्रमणो को हटाया जा रहा हैं और जो पक्की अवैध दुकानें बनी हैं उन रेड मार्क लगाया हैं उनको खाली करने पर ध्वस्त किया जाएगा। नालो,कुंआ,बाबड़ी और अन्य सरकारी जमीनों पर जो भी अतिक्रमण हैं उनको ध्वस्त किया जाएगा। अगर पट्टा भी दे दिया हैं उसको निरस्त कर बिल्डिंग ध्वस्त की कार्रवाई की जायेगी।

### टीवी मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी

## नदबई जिला अस्पताल पर ही होगी टीवी मरीजों की जांच




राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** टीबी के मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, भरतपुर द्वारा नदबई जिला चिकित्सालय की प्रयोगशाला को फोर चैनल मॉड्यूल आवंटित किया गया है, जिससे टीबी की उच्च स्तरीय जांच अब स्थानीय स्तर पर ही संभव हो पाएगी। इससे न केवल मरीजों को भरतपुर या मेडिकल कॉलेज जाने से राहत मिलेगी, बल्कि समय पर बीमारी की सटीक पहचान कर उसका प्रभावी इलाज भी सुनिश्चित हो सकेगा।

### टीबी नियंत्रण में मिलेगी मजबूती

लैब प्रभारी अमित उपमन ने जानकारी देते हुए बताया कि, फोर चैनल मॉड्यूल के माध्यम से टीबी के जटिल मामलों, विशेषकर मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) टीबी की जांच अब नदबई में ही की जा सकेगी। यह तकनीक पहले केवल उच्च स्तरीय संस्थानों में ही उपलब्ध थी, लेकिन अब जिला चिकित्सालय में भी इसके माध्यम से मरीजों को उन्नत जांच सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने बताया कि बीते माह अस्पताल में लगभग 150 मरीजों की टीबी जांच की गई थी, जिसमें से कई को आगे की जांच के लिए भरतपुर जाना पड़ता था। अब इस नई व्यवस्था से समय और संसाधनों की बचत के साथ-साथ मरीजों को मानसिक और शारीरिक रूप से भी राहत मिलेगी।

### अस्पताल प्रशासन की सराहनीय पहल

यह उपलब्धि अस्पताल प्रशासन की लगातार प्रयासों और जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। फोर चैनल मॉड्यूल की उपलब्धता से क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को गति मिलेगी और क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी।

## वन मंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना, अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश, विधायक निधि की सम्पूर्ण राशि शहर की पेयजल समस्या के समाधान हेतु समर्पित जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को राहत प्रदान करना - पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने शनिवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 125 परिवादियों ने अपनी परिवेदनाएं दी।

जनसुनवाई में पेयजल, परिसीमन, स्थानांतरण, पुलिस, अतिक्रमण आदि की परिवेदनाएं प्रमुख रही, जिस पर मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण करें तथा जो परिवेदना जयपुर से संबंधित है उनका भी निस्तारण समयबद्ध रूप में करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिक्रमण से संबंधित परिवेदनाओं को गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। श्री शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन को तत्काल राहत प्रदान कर उनको मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल हेतु परेशानी का सामना नहीं करने पडे इसके लिए विधायक निधि की सम्पूर्ण 5 करोड रूपये की राशि अलवर शहर की जनता की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए समर्पित की गई है। इस निधि से 39 बोरिंग करवाई गई हैं तथा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं जलदाय मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी से आग्रह कर शहर के दूरस्थ क्षेत्रों में पानी पहुंचाने एवं शहर की बडी टंकियों को भरने के लिए 60 बडी बोरिंग स्वीकृत कराई गई है जिनके वर्क ऑर्डर जारी किए जाकर उन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार के कंटीजेंसी प्लान के तहत टैंकरों से पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है। इसके उपरान्त वन राज्य मंत्री ने सर्किट हाउस में अपने नियमित पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

**वक्फ संशोधन विधेयक पर देश में हंगामा मचा हुआ है। विधेयक के दोनों सदनों में पास हो जाने के बाद से विपक्ष हायतौबा मचा रहा है, तो कई मुस्लिम संगठन सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि, वक्फ कानून में संशोधन एक लोकतांत्रिक और समानता के सिद्धांत के विरुद्ध, मजहब का अंग न होते हुए भी इस्लाम के नाम पर कुछ शक्तिशाली प्रभुत्वशाली मुस्लिम पुरुषों के एकाधिकार और निरंकुशता के ढांचे को ध्वस्त कर उसे वक्फ की मूल सोच के अनुरूप संविधान की परिधि में लोकतांत्रिक ढांचे में परिणत करने का प्रगतिशील कदम है। ऐसे ढांचे को संसदीय व्यवस्था के तहत ध्वस्त करना जिसको सरकारें बदलाव की आवश्यकता महसूस करते हुए भी स्पर्श करने तक से बचती हो, निस्संदेश ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम है। वक्फ की संपत्ति पर इस्लाम की मान्यता के अनुसार गरीब विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा आनाथों का अधिकार है। वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य भी मुस्लिम समाज की भलाई के लिए है और निश्चित रूप से पूर्व के कानूनों की भांति ही इसके विरोध में फैलाया जा रहा झूठा भ्रम अधिक समय तक नहीं टिक पाएगा। वक्फ इस्लाम का अंग है, लेकिन संविधान और कानून के तहत सरकारों द्वारा गठित वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल इस्लाम का विषय नहीं हो सकता। वक्फ संशोधन को लेकर पेश है आजकल का यह अंक...**

# वक्फ विधेयक बदले भारत का प्रमाण



**विश्लेषण**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

**संसद में पारित हर कानून की न्यायिक समीक्षा का अधिकार उच्चतम न्यायालय को वक्फ और वहां नए वक्त कानून की संवैधानिकता पर निर्णय आ जाएगा। किंतु विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पहले ही यानी कानून बना नहीं और उच्चतम न्यायालय पहुंच जाना किस बात का द्योतक है? ऐसे कानून, कदम या सुधार, जिनके साथ मुस्लिम समुदाय जुड़ा हो, उसके विरुद्ध भारत में ऐसी प्रतियोगिता आम हो चुकी है। एक साथ तीन तलाक, नागरिकता संशोधन कानून और अनुच्छेद 370 हटाए जाने के विरुद्ध भी हमने यही देखा। इन सभी मामलों की न्यायिक परिणति देश के सामने है। इन पार्टियों ने दोनों सदनों में वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया है।**



वक्फ संशोधन के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है। दोनों सदनों में पारित होने के अगले दिन से ही उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं जाने लगीं और आप देख सकते हैं कि इस बात की होड़ लगी है कि कौन इसमें किसको पीछे छोड़ रहा है। कांग्रेस के संचार प्रमुख जयराम रमेश ने उच्चतम न्यायालय में जाने की घोषणा कर दी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पहले ऐलान कर चुका था। संसद में पारित हर कानून की न्यायिक समीक्षा का अधिकार उच्चतम न्यायालय को वक्फ और वहां नए वक्त कानून की संवैधानिकता पर निर्णय आ जाएगा। किंतु विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पहले ही यानी कानून बना नहीं और उच्चतम न्यायालय पहुंच जाना किस बात का द्योतक है? ऐसे कानून, कदम या सुधार, जिनके साथ मुस्लिम समुदाय किसी तरह जुड़ा हो, उसके विरुद्ध भारत में ऐसी प्रतियोगिता आम हो चुकी है।

एक साथ तीन तलाक, नागरिकता संशोधन कानून और जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के विरुद्ध भी हमने यही देखा। इन सभी मामलों की न्यायिक परिणति देश के सामने है। दूसरी ओर बिहार में जदयू, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल आदि के विरुद्ध दबाव डालने की कोशिश हो रही है।

## दबाव बढ़ाने की खतरनाक रणनीति

मुसलमानों का एक बड़ा समूह सड़कों पर उतर रहा है, पार्टियों में दबाव डालकर कुछ इस्तीफा करवा रहा है और बयान दे रहा है कि चुनाव में सबक सिखा देंगे। संसद में बहस और मतदान के पूर्व नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू आदि के इफ्तार के बहिष्कार का भी आह्वान किया गया। यह भी दबाव बढ़ाने की खतरनाक रणनीति थी। बावजूद इन पार्टियों ने दोनों सदनों में खुलकर वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया और उसके पक्ष में विपक्ष के आरोपों का आक्रामक खंडन करते हुए तथ्य और तर्क प्रस्तुत किया। हमारे सामने दो दृश्य दूसरे भी हैं। लोकसभा में बहस के पूर्व सभी पार्टियों ने ह्वीप जारी कर दिया था। किंतु राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट घोषणा की कि हमारे सांसद स्वतंत्र हैं, ह्वीप नहीं है, वे जैसे चाहें मतदान करें। इसके बावजूद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संख्या बल से ज्यादा मत विधेयक के समर्थन में प्राप्त हुए। आखिर इसके कोई निहितार्थ है या नहीं? इसके साथ हमने यह भी देखा कि दोनों सदनों में बहस और मतदान के दौरान देश में समर्थन और विरोध दोनों में मुसलमान उतरे। निष्पक्ष आकलन यही है कि उन दो दिनों में समर्थकों की संख्या भी काफी ज्यादा थी। कई जगह तो विरोध करने वालों से ज्यादा समर्थक सड़क पर थे। अलग-अलग धार्मिक संस्थाओं और संगठनों ने खुलकर विधेयक का समर्थन किया। इनमें वे मुस्लिम मजहबी नेता और संस्थाओं के प्रमुख शामिल थे जो पहले वक्फ में किसी प्रकार के संशोधन का घोर विरोध करते थे, तो इसके भी मायने हैं। तो यही बदले हुए भारत का प्रमाण है। यानी आप न्याय करने की दिशा में संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं तो भ्रम और विरोध कमजोर होते-होते समर्थन बढ़ता है। वास्तव में अभी जो विरोध दिख रहा है वह बिल्कुल अनपेक्षित नहीं है। जब भी आप ऐसे विषयों पर सुधार और परिवर्तन के संवैधानिक कानूनी कदम उठाते हैं तो भारत जैसे देश में इसके विरुद्ध प्रचार और रोकने की कोशिश पहली बार नहीं है। वक्फ कानून, उससे संबंधित बोर्ड और न्यायाधिकरण को मुस्लिम वोट पाने की नीति के तहत जिस तरह सुपर सरकार, सुपर प्रशासन और सुपर न्यायपालिका की भूमिका दे दी गई थी, उस ढांचे में लाभान्वित सम्मानित होने वाले तथा उसका आनंद सुख भोगने वालों के अंदर छटपटाहट स्वाभाविक है।

## वक्फ कानून में संशोधन क्यों जरूरी था

सच यह है कि वक्फ कानून में संशोधन क्यों नहीं होना चाहिए था या संशोधन में क्या असंवैधानिक, इस्लाम विरोधी, मुस्लिम विरोधी है, इसका कोई एक तथात्मक उत्तर विपक्ष के किसी भी नेता द्वारा संसद में नहीं मिला। जब राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह कानून उच्चतम न्यायालय में समाप्त हो जाएगा तो सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन के अंदर इस प्रकार की भाषा संसद का अपमान है। इसी तरह जब एक सदस्य ने कहा कि मुसलमान इस कानून को नहीं मानेगा, तब केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह संसद द्वारा बनाया गया कानून है, सबको मानना पड़ेगा। वास्तव में संसद अगर प्रक्रिया के तहत कोई कानून पारित करती है तो यह भारत के सभी क्षेत्रों और व्यक्तियों पर समान रूप से लागू होता है। कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी ने लोकसभा में विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को बहुमत के द्वारा संविधान का अतिक्रमण और लोकतंत्र के गला घोंटने के समान बता दिया। यह समझ से परे है। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रिकॉर्ड रखते हुए बताया कि संप्रग सरकार ने 2013 में सिर्फ चार घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन विधेयक पास कर दिया था, जबकि इस बार दोनों सदनों में करीब 27 घंटे से ज्यादा का समय लगा। 3 अप्रैल को 11 बजे से आरंभ राज्यसभा की कार्यवाही अगले दिन सुबह 4 बजे तक चली। संयुक्त संसदीय समिति ने 113 घंटे की चर्चा, 25 वक्फ बोर्डों से संवाद, 15 राज्यों के प्रतिनिधियों से संवाद, विभिन्न समुदायों के राज्य धारकों के कुल 284 प्रतिनिधिमंडलों ने समिति के समक्ष अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए एवं 92 लाख से ज्यादा सुझाव पर विचार के बाद विधेयक तैयार हुआ। जरा सोचिए, यह प्रक्रिया लोकतंत्र और संविधान का गला घोंटने वाला हो गया और संप्रग के चार घंटे में पारित कानून लोकतंत्र और संविधान का पालन करने वाला था?

## वक्फ संपत्तियों का दावा बेमानी

पुराने वक्फ कानून और उसके ढांचे पर इतना कुछ कहा जा चुका है कि उसको दोहराने की आवश्यकता नहीं। वक्फ ने जिस तरह पूरे देश में संपत्तियों का दावा कर उन्हें कब्जे में लिया, उसकी बहुत सारी कथाएं रिकॉर्ड में सामने हैं। यह कैसी संवैधानिक व्यवस्था थी जिसमें वक्फ किसी संपत्ति पर दावा कर दे तो वक्फ ट्रिब्यूनल के अलावा आप कहीं नहीं जा सकते। वहां भी संपत्ति आपकी है, यह आपको ही साबित करना होगा। ट्रिब्यूनल बरसों लगा देगा और उसके फैसले को आप सिविल न्यायालय में चुनौती नहीं दे सकते। यानी आपकी संपत्ति गई। इसमें हिंदू और मुसलमान दोनों के साथ सार्वजनिक सरकारी संपत्तियां भी शामिल हैं।

## दूसरे की संपत्ति पर दावा कैसे संभव है

गृह मंत्री ने सदन में रिकॉर्ड पर कहा कि कोई गांव या शहर से बाहर नौकरी करने चला गया और उसकी संपत्ति वक्फ कर दी गई। वह जितना भी छटपटाये, वापसी के रास्ते नहीं। वक्फ एक अरबी शब्द है। इस्लाम किसी को दीन और बेसहारा के लिए अपनी संपत्ति के वक्फ करने की इजाजत देता है। इस पर न रोक है, न हो सकती है। वक्फ में कोई बदलाव नहीं है। किंतु हम अपनी संपत्ति वक्फ में रजिस्ट्री करा सकते हैं, दूसरे की संपत्ति पर कैसे दावा कर सकते हैं? फिर सरकार कैसे संपत्ति वक्फ कर सकती है। आप देखेंगे कि यूपीए सरकार के सत्ता में आने के बाद सच्चर आयोग की नियुक्ति और उसकी रिपोर्ट के बाद पूरे देश में अलग से इस्लामी ढांचा स्थापित करने की प्रक्रिया में केंद्र और राज्य सरकारों ने अनेक संपत्ति वक्फ बोर्डों को दे दी। निश्चित रूप से उच्चतम न्यायालय में सारे मामले जाएंगे।

हमारी आपकी या किसी मंदिर की जमीनों के कागजात, राजस्व आदि का विषय तो जिला कलेक्टर के अधीन होगा किंतु वक्फ का नहीं हो यह कैसे कानून का पालन माना जाएगा? आज भी यही मांग है। वक्फ इस्लाम का अंग है, लेकिन भारत के संविधान और कानून के तहत सरकारों द्वारा गठित वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल इस्लाम का विषय नहीं हो सकता। उसे हमारे संविधान और कानून के अंतर्गत ही काम करना होगा। बोर्ड में महिला सदस्य होने की अनिवार्यता के विरोध के पीछे वही सोच है जिसके तहत तीन तलाक मामले पर पर्सनल लॉ बोर्ड में उच्चतम न्यायालय में दायर शपथ पत्र में महिलाओं को कम अक्ल वाला लिखा था। कोई संपत्ति जिस उद्देश्य के लिए दान हुई है वह उसी उद्देश्य में जा रहा है या नहीं तथा वाकई वक्फकर्ता स्वेच्छा से ऐसा किया है या दबाव डालकर कराया गया, इसकी देखरेख की जिम्मेवारी तो प्रशासन की ही है। जिस संस्था में लगभग 41 हजार विवाद हों और उनमें 10 हजार मुसलमानों द्वारा किए गए हो, उस ढांचे को कायम नहीं रखा जा सकता था।

## विधेयक ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम

वास्तव में वक्फ कानून में संशोधन एक लोकतांत्रिक और समानता के सिद्धांत के विरुद्ध, मजहब का अंग न होते हुए भी इस्लाम के नाम पर कुछ शक्तिशाली प्रभुत्वशाली मुस्लिम पुरुषों के एकाधिकार और निरंकुशता के ढांचे को ध्वस्त कर उसे वक्फ की मूल सोच के अनुरूप संविधान की परिधि में लोकतांत्रिक ढांचे में परिणत करने का प्रगतिशील कदम है। ऐसे ढांचे को संसदीय व्यवस्था के तहत ध्वस्त करना जिसको सरकारें बदलाव की आवश्यकता महसूस करते हुए भी स्पर्श करने तक से बचती हो, निस्संदेश ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम है। वक्फ की संपत्ति पर इस्लाम की मान्यता के अनुसार गरीब विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा आनाथों का अधिकार है। वक्फ की संपत्ति का उपयोग करने वाले मस्जिदों और मजारशरीफों का नियंत्रण करते हैं जबकि ऐसे लोगों में से कुछ बाहर भीख मांगते हैं। अब इस दौर का अंत होगा तथा गरीब, वंचित, पसमांदा , महिलाएं सब इस्लाम की धारणा के अनुसार वक्फ के सही उपयोग में भूमिका निभा सकेंगे। वक्फ ने पुराने मामलों के संदर्भ में बदलाव नहीं किया है लेकिन जिन पर विवाद है वे कायम रहेंगे। रिकॉर्ड में और ऑनलाइन आते ही सब कुछ पारदर्शी होगा। वक्फ के नाम पर हुए अन्याय के निराकरण का रास्ता प्रशस्त होगा और पीड़ितों को न्याय प्राप्त होने की ठोस संभावना बनेगी। ऐसे मामलों का सच देश के सामने होगा और इस समय इस्लाम के नाम पर हंगामा खड़ा करने वालों के चेहरे भी बेनकाब होंगे। दोनों सदनों में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रखे गए तथ्य, विचार और तेवर की गंभीरता को देखते हुए किसी को मुगालता नहीं होना चाहिए कि इस कानून का उल्लंघन करने का कोई साहस करेगा। यद्यपि भूमि या ऐसे मामले राज्यों के विषय हैं तो अलग-अलग राज्यों का तंत्र सरकारों की राजनीतिक नीति के अनुसार काम करेगा और इनमें समस्याएं आएंगी। किंतु कोई वक्फ के दावों के विरुद्ध किसी पीड़ित व्यक्ति को न्यायालय जाने से नहीं रोक सकता। सिविल न्यायालय में व्यक्ति की सही पहचान और कानून के अनुसार ही फैसला होगा।

# मुस्लिम समुदाय के लिए ऐतिहासिक कदम



**वक्फ विधेयक**
प्रो. निरंजन कुमार
सीनियर प्रोफेसर, हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

वक्फ संशोधन विधेयक, जो हाल ही में संसद में पारित किया गया, आम भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ सम्पत्तियों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, जिससे आम मुस्लिम आदमी और पूरे समाज को सीधे लाभ हो सके। निश्चित रूप से यह विधेयक वक्फ सम्पत्तियों के दुरुपयोग और इनके प्रबंधन में सुधार के लिए एक सार्थक और दूरगामी प्रयास है, जो न केवल गरीब मुसलमानों के लिए, बल्कि पूरे देश के हित में भी है। दुर्भाग्य से पिछले कई दिनों से वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर आम मुस्लिम समुदाय के बीच एक नकारात्मक माहौल तैयार किया जा रहा है।

## वक्फ सम्पत्तियों का दुरुपयोग

यह सर्वविदित है कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसका अर्थ है किसी संपत्ति को अल्लाह के नाम पर स्थायी रूप से दान करना। इस संपत्ति का उपयोग विशेष उद्देश्यों के लिए किया जाता है- जैसे मस्जिदों की देखरेख, गरीबों की मदद, शिक्षा और चिकित्सा आदि सुविधाओं के लिए। लेकिन ऑडिट और पारदर्शिता के अभाव में वक्फ सम्पत्तियों का दुरुपयोग होता रहा है। वक्फ बोर्ड के अधिकारी और मुस्लिम समुदाय के कुछ स्वयंभू नेता इन सम्पत्तियों का अनैतिक और अनुचित इस्तेमाल करते रहे हैं। इस दुरुपयोग के कारण वक्फ की भावना के विपरीत आम मुस्लिमों को वह लाभ नहीं मिल पाता, जो वक्फ का उद्देश्य है। वर्तमान में वक्फ सम्पत्तियों का प्रशासन और प्रबंधन वक्फ बोर्ड के द्वारा किया जाता है. लेकिन यह बोर्ड अक्सर पारदर्शी नहीं होता, और भ्रष्टाचार की खबरें आती रही हैं। इसके परिणामस्वरूप, जो धन और संसाधन धार्मिक और समाजसेवी कार्यों के लिए होना चाहिए था, वह गलत हाथों में चला जाता है। भारत में वक्फ संपत्तियों की संख्या को देखें तो यह बहुत अधिक है। हालिया सर्वेक्षण के अनुसार वक्फ संपत्तियों की संख्या 8.72 लाख से अभी अधिक है। यहां प्रश्न उठता है कि क्या वास्तव में इस्लाम की इस उदात्त अवधारणा के अनुसार ही वक्फ सम्पत्तियों का उपयोग सामाजिक कल्याण हेतु हो पा रहा है? क्या आम मुस्लिम समुदाय के लोगों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मौजूदा व्यवस्था के तहत कोई लाभ मिल रहा है? वास्तव में इन प्रश्नों का उत्तर न में ही है। संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक पर लंबी चर्चाओं के बाद इस विधेयक को समर्थन भी मिल गया किन्तु देशभर में एक खास तरह का माहौल इस विधेयक के खिलाफ बनाया जा रहा है। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कुछ राजनीतिक दल और मुस्लिम नेताओं ने इसे मुस्लिम समुदाय के खिलाफ एक साजिश बताया, लेकिन यदि गहराई से पड़ताल करें तो यह बात तथ्यात्मक रूप से गलत है।

## समाज में भ्रम फैला रहे कुछ लोग

वास्तव में, यह विधेयक तो व्यापक मुस्लिम समुदाय को उनके अधिकारों और सम्पत्तियों का सही लाभ दिलाने के लिए है। याद कीजिए, नागरिकता संशोधन कानून और तीन तलाक से सम्बंधित कानून के मामलों को। राजनीतिक स्वार्थ के कारण विभिन्न नेताओं ने इन दोनों



कानूनों का विरोध किया और समाज में भ्रम फैलाया। नागरिकता कानून के समय मुसलमानों के मन में यह भय बिठाया गया कि इस कानून से उनकी नागरिकता छिन जाएगी। जबकि वास्तव में यह कानून कुछ पड़ोसी देशों के पीड़ित लोगों को नागरिकता देने के लिए था। भारत के नागरिकों पर इसका कोई नकारात्मक परिणाम नहीं पड़ना था। उसी तरह तीन तलाक कानून के समय भी तथाकथित सेक्युलर दलों और मठाधीश नेताओं ने इसका खूब विरोध किया जबकि वास्तव में यह कानून मुस्लिम महिलाओं के हक में, उन्हें शोषण से मुक्त करने के लिए था।

ठीक उसी प्रकार वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य भी मुस्लिम समाज की भलाई के लिए है और निश्चित रूप से पूर्व के कानूनों की भांति ही इसके विरोध में फैलाया जा रहा झूठा भ्रम अधिक समय तक नहीं टिक पाएगा। वर्तमान वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के स्वयम्भू नेताओं के लिए निश्चित रूप से एक झटका है क्योंकि इस कानून के लागू होते ही वक़्फ़ सम्पत्ति पर इनके अनैतिक स्वामित्व पर चोट पड़ेगी और वक़्फ़ की आड़ में हुए भ्रष्टाचार की कलई लोगों के समक्ष आ जाएगी। पूर्व के प्रावधानों में इस तरह विसंगतियां हैं कि सरेआम दुरुपयोग किये जाने पर भी राहत की कोई गुंजाइश नहीं है। अनेक ऐसे उदाहरण मौजूद हैं जिनमें व्यक्तिगत संपत्ति से लेकर सरकारी जमीन के साथ-साथ मंदिरों, गुरुद्वारों, चर्च या बौद्ध विहारों तक की संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड कब्जा करता रहा है। प्रयागराज में हजारों सालों से मनाए जा रहे कुंभमेला की जमीन पर दावा ठोंकने का उदाहरण हो, या केरल के एर्नाकुलम जिले में मुनंबम और चेराई क्षेत्रों में 404 एकड़ की ईसाई और चर्च संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड के दावे की बात हो, देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के विवाद होते रहे हैं। खतरनाक बात यह थी कि वक्फ के अनुचित दावे को न्यायालय में चुनौती भी नहीं दी जा सकती थी, जो कि संविधान की भावनाओं का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन था। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में राष्ट्र या जनहित में जब कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के किसी भी क्रिया-कलाप तक पर प्रश्न किये जा सकते हैं। ऐसे में वक्फ जमीन पर प्रश्न ही न कर पाना वास्तव में मौजूदा प्रावधान की सबसे बड़ी खामी रही है।

## किसी की सम्पति पर दावा गलत

इसका दुरुपयोग कर किसी भी जमीन पर दावा ठोंकना हो या वक्फ संपत्ति का कुछ गिने चुने लोगों द्वारा निजी स्वार्थ हेतु उपयोग किया जाना हो, ऐसी घटनाएं मीडिया में आती रहती हैं। यह न सिर्फ प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है बल्कि उस व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार का भी हनन है जिसकी सम्पति पर वक्फ का दावा ठोंक दिया गया हो। याद रहे कि राजद नेता लालू यादव ने भी एक समय अवैध वक्फ दावों पर चिंता जताई थी। प्रश्न उठाया जा सकता है कि भारत जैसे पंथनिरपेक्ष राष्ट्र में वक़्फ़ बोर्ड या वक़्फ़ जैसी सम्पत्तियों का प्रविधान है, जबकि विभिन्न इस्लामिक देशों में वक़्फ़ जैसी कोई सम्पत्ति नहीं है। कई देशों में वक्फ जैसी कोई सम्पत्ति नहीं है। फिर भी यदि भारत में वक़्फ़ सम्पत्ति का प्रावधान कर ही दिया गया है, तो इन सम्पत्तियों का प्रयोग सामाजिक कल्याण में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए यदि कानून में कोई संशोधन हो तो निश्चित रूप से इसका स्वागत करना चाहिए। यह संतोषजनक है कि आल इंडिया मुस्लिम जमात के मौलाना या पसमांदा मुसलमान से लेकर सिख, ईसाई एवं बौद्ध समाज के लोगों ने इस विधेयक का स्वागत किया है। यह विधेयक न केवल वक्फ सम्पत्तियों के प्रबंधन में सुधार करेगा, बल्कि आम मुसलमानों के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों को उनके अधिकार दिलाएगा। संकीर्ण स्वार्थों के लिए इसका विरोध आम जनहित में तो नहीं ही है, विरोध कर रहे उन राजनेताओं के हित में भी नहीं है क्योंकि पब्लिक सब जानती है।









छुट्टी से लौटे RAS को IAS ने दी चेतावनी

## 6 बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया, 15 दिन में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा



नेहा गिरी, MD | विभु कौशिक, OSD

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड में 50 दिन की मेडिकल छुट्टी पर गए OSD विभु कौशिक को MD नेहा गिरी ने चार्जशीट थमा दी है। MD ने OSD पर 6 बिंदुओं का आरोप पत्र जारी करते हुए 15 दिन में अपना स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। इसमें दवाइयों की खरीद समय पर नहीं करने के आरोप लगाए हैं। एमडी नेहा गिरी ने 15 दिन में जवाब नहीं देने पर एकतरफा विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। स्ष्ठ नेहा गिरी ने मेडिकल लीव से लौटे ह्रस्ठ से बीमारी और स्वस्थता का प्रमाण पत्र देने के लिए भी कहा है। ऐसा नहीं करने पर तमाम छुट्टियों को रद्द करने की बात कही है।

### चार्जशीट देने पर उठे सवाल

इधर, MD की ओर से दी गई चार्जशीट पर अब सवाल भी उठने लगे हैं। राजस्थान सिविल सेवा नियम-1958 के जानकारों का कहना है, किसी भी सुपर टाइम स्केल के राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी को चार्जशीट या उससे निलंबित करने का काम डीओपी डिपार्टमेंट करता है। जिस विभाग या निगम में अगर कोई RAS नियुक्त है तो उस विभाग का HOD उस RAS अधिकारी को सीधे चार्जशीट देने या निलंबित करने के बजाय विभाग के मंत्री तक फाइल भेजकर मंजूरी लेने के बाद DOP से सिफारिश कर सकता है।

### MD का पहले भी विवाद

इससे पहले स्ष्ठ का हेल्थ डिपार्टमेंट की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़ से भी विवाद हो चुका है। मौसमी बीमारियों की रिव्यू बैठक में दोनों अधिकारियों के बीच ये विवाद हुआ था, जिसके बाद से स्ष्ठ ने प्रिंसिपल सेक्रेटरी की बुलाई जाने वाली बैठकों से दूरी बना ली।

जयपुर में 7 अप्रैल से मिलेंगे IPL मैच के टिकट

## SMS स्टेडियम के गेट पर लगेंगे काउंटर; स्टूडेंट्स को मिलेगा 1000 रुपए का डिस्काउंट

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के टिकट की बिक्री 7 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। फिलहाल 13 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मैच के टिकट की ब्रिक्री की जाएगी। स्टूडेंट्स अपनी आईडी कार्ड दिखाकर 1500 रुपए का टिकट महज 500 में खरीद सकेंगे। बता दें कि पहले 5 अप्रैल से टिकट की ऑफलाइन सेल शुरू होने वाली थी। इसकी वजह से बड़ी संख्या में युवा सवाई मानसिंह स्टेडियम टिकट खरीदने पहुंचे थे। लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से फिलहाल टिकट की बिक्री को दो दिन आगे बढ़ा दिया गया है। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने बताया- जयपुर में आयोजित होने वाले पहले मुकाबले के लिए क्रिकेट लवर स्टेडियम से ऑफलाइन टिकट खरीद कर सकते हैं। यहां पर बॉक्स ऑफिस चालू किया जाएगा। यह बॉक्स ऑफिस सवाई मानसिंह स्टेडियम के ईस्ट गेट, नॉर्थ गेट और वेस्ट गेट पर बनाया गया है। जहां 7 अप्रैल से सुबह 10 बजे से ऑफलाइन टिकट की सेल शुरू होगी। यहां हर कैटेगरी के टिकट उपलब्ध होंगे। जिन्हें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बेचा जाएगा।



### इस बार महंगी की गई टिकट

इस बार जयपुर में IPL के मैच देखना महंगा हो गया है। राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टिकटों की रेट में 3000 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। हालांकि स्टूडेंट्स को राहत दी गई है। जयपुर में होने वाले मैच में स्टूडेंट्स के लिए आईडी दिखाने पर 1000 रुपए का डिस्काउंट दिया जाएगा। उन्हें 1500 रुपए का टिकट महज 500 रुपए में मिलेगा। वहीं अन्य कैटेगरी में टिकटों की दरें डिमांड के अनुसार बढ़ाई जाएंगी। राजस्थान रॉयल्स मैनेजमेंट ने हर मैच में टिकटों प्राइज अलग-अलग होने के संकेत दिए हैं।

## जयपुर में बिना-मान्यता चल रहे मदरसों की जांच की मांग: बालमुकुंद बोले- 47 साल के मौलाना ने 23 साल की युवती से निकाह कर फर्जी सर्टिफिकेट बनाया

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने बिना सरकारी मान्यता के चल रहे मदरसों की जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जयपुर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की अपील की है।

विधायक बालमुकुंद आचार्य को हवामहल क्षेत्र के स्थानीय निवासियों ने शिकायत दी है कि जलमहल के सामने जेपी कॉलोनी टोंक वालों की बस्ती स्थित 'मदरसा नूर उल इस्लाम' में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। साथ ही मौलाना मुफ्ती सलीम पुत्र रईस पर लड़की को बहला-फुसलाकर फर्जी निकाह के जरिए जबरन अपहरण करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक इस मदरसे का न तो राज्य सरकार से पंजीकरण है। न ही किसी अन्य मान्यता प्राप्त संस्था से पंजीकृत है।

बालमुकुंदाचार्य ने कहा- मदरसों में कोई चेकिंग नहीं होती है। सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। इसलिए इनकी जांच होना जरूरी है। हमारे पास लंबे समय से इनकी शिकायतें आ रही हैं। अभी जो मामला आया है, उसमें एक 47 साल के मौलाना ने 22 - 23 साल की युवती निकाह कर फर्जी सर्टिफिकेट बनवा लिया। इसके बाद वह शिकायत करने पर परिजनों को धमकी भी दे रहा है।

### पूर्व में भी मिल चुकी हैं गंभीर शिकायतें

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस मदरसे में पहले भी गरीब बच्चियों के साथ अनैतिक कार्य किए जाते हैं। कुछ लोग फर्जी पहचान पत्र बना शहर में रह रहे हैं। जो खाड़ी देशों से चंदा और हवाला के जरिए पैसे प्राप्त कर देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होते हैं। विधायक ने पुलिस अधिकारियों को मामले में स्नढ्ढक्र दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। अब इस पूरे मामले में जिला प्रशासन की जांच और कार्रवाई पर नजर टिकी हुई है।

जेडीए का फर्जी पट्टा बना 4 करोड़ में प्लॉट बेचा

# कर्जा उतारने के लिए फर्जीवाड़ा किया, गैंग बनाकर रुपयों का कर लिया बटवारा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में जेडीए का फर्जी पट्टा बनाकर 4 करोड़ रुपए में प्लॉट बेचने वाली गैंग का श्याम नगर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने फेक डॉक्युमेंट से प्लॉट बेचने वाले गैंग के तीन आरोपियों को अरेस्ट किया है। पूछताछ में कर्जा उतारने के लिए जालसाजी कर प्लॉट बेचकर आए रुपयों का आपस में बटवारा करना स्वीकार किया है।

डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया- धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अंशुल खन्ना (35) पुत्र भारत भूषण खन्ना निवासी ई-ब्लॉक वैशाली नगर, रिषभ देव शर्मा (35) पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी साकेत कॉलोनी हिण्डौन सिटी करौली और राकेश कुमार सैनी (27) पुत्र हरदेव सैनी निवासी बासदयाल अलवर को अरेस्ट किया है।

सितम्बर-2024 में गोविन्द नारायण परतानी ने श्याम नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने अपनी पत्नी श्यामा देवी के नाम से साल-1981 में एक प्लॉट विवेक विहार में खरीदा था। साल-2021 में जेडीए का शिविर लगने पर लीज रकम जमा करवाकर पत्नी के नाम जेडीए पट्टा ले लिया था। प्लॉट की बाउंड्रीवाल बनाकर गेट व ताला लगाकर स्वामित्व में ले रखा है। रिश्तेदार ने कॉल कर बताया कि उनके प्लॉट के फेक पेपर मार्केट में आए हैं। इसमें उनकी पत्नी की जगह श्यामा परतानी नाम से आदमी का रजिस्टर्ड पट्टा, साइट प्लान व मुख्त्यारनामा आदि भी है। उसके साथ मिले मोबाइल नंबर पर कॉल करने वाला खुद का नाम विक्रम सिंह बता रहा है। प्लॉट बेचने वाले के संबंध में पूछने पर प्रॉपर्टी डीलर का पता नहीं बताया।

### जांच में खुली पोल

एसएचओ दलबीर सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच की गई। जांच में सामने आया है कि विवेक विहार का मुख्त्यारनामा पंजीयन ऑफिस-5 में रजिस्टर्ड ही नहीं है। प्लॉट का ओरिजिनल पट्टे से बनाए गए फेक पट्?टे में महिला की जगह आदमी की फोटो लगाई गई है। फेक मुख्त्यारनामा धारक अंशुल खन्ना और गवाह राकेश कुमार सैनी व रिषभ शर्मा है। पुलिस टीम ने शुक्रवार रात दबिश देकर तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया।

### प्लानिंग के तहत बनाई गैंग

पूछताछ में अंशुल खन्ना ने बताया- रुपयों की जरूरत के चलते जून-2024 में उसने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर 38 लाख रुपए का कर्ज लिया था। बदले में 56 लाख रुपए का चैक भरकर गिरवी रखा था। उधार लिए रुपयों को एक महीने बाद ही मांगना शुरू कर दिया। रुपयों की व्यवस्था नहीं होने पर उसने दोस्तों के साथ मिलकर गैंग बनाई। जेडीए की वेबसाइट से प्लॉट के मालिक के बारे में डिटेल ली। एडिटिंग टूल्स का यूज कर फेक मुख्त्यारनामा व चालान रसीदें तैयार की। उस पर उप पंजीयक-5 जयपुर की फेक सील-मोहर लगाकर तैयार कर ली। ऑरिजनल ऑनर श्यामा परतानी के आधार कार्ड में एडिटिंग कर महिला की जगह पुरुष की फोटा लगा दी। महिला की जगह पुरूष और पति की जगह पुत्र कर दिया।

### दो लोगो को प्लॉट बेच उठाई रकम

प्लान के तहत सीए दोस्त चेतन शर्मा को प्लॉट बेचने के लिए खरीदार लाने की जिम्मेदारी दी। चेतन शर्मा ने अपने जानकार नरेश कुमार गुप्ता को प्लॉट व डॉक्यूमेंट दिखाए। डील फाइनल होने पर नरेश कुमार गुप्ता से एग्रीमेंट कर कुल 75 लाख रुपए ले लिए, लेकिन उसको रजिस्ट्री नहीं करवाई। राकेश सैनी ने बताया- वह जिस सेठ के पास काम करता है, वह बहुत पैसे वाला है। उसको प्लॉट दिखाने पर वह नरेश कुमार से ज्यादा रुपयों में खरीदने को राजी हो गया। प्लॉट का सौदा सेठ जानकी शरण से 3.20 करोड़ में कर बेचान कर दिया। उनकी बहू सपना के नाम उपपंजीयक ऑफिस 10 जयपुर में रजिस्ट्री करवा दी। उनसे मिले रुपयों को गैंग के सदस्यों ने आपस में बांट ली।

जयपुर डेयरी ने 23 नए प्रोडक्ट लॉन्च किए

# महिलाओं को सशक्त करने के लिए डेयरी संघ और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच एमओयू हुआ

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर डेयरी ने 50 साल पूरे होने पर आज बिरला ऑडिटोरियम में 23 नए प्रोडक्ट लॉन्च किए। इसमें 3 कोल्ड कॉफी, 5 फ्लेवर्ड मिल्क और 10 कैंडी आइसक्रीम और श्रीखंड के 5 नए फ्लेवर्ड शामिल हैं। सरस की आईसक्रीम की कीमत कम से कम कीमत 5 रुपए रखी गई है। इस दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। साथ ही कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दत्त भी मौजूद रहे। आरसीडीएफ और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच महिलाओं के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम और नवाचार करने के लिए एमओयू भी हुआ। विजया रहाटकर ने बताया- जयपुर डेयरी के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के अनेक नवाचार हो रहे हैं। डेयरी ने आज सरस मायरा योजना शुरू की है, जिसमें बेटियों की शादी के लिए 21000 रुपए दिया जाएगा। सही मायने में अगर देश में डेयरी के क्षेत्र में कोई क्रांति ला रहा है तो वह हमारे जयपुर डेयरी की महिलाएं हैं।

### महिलाओं को आर्थिक सशक्त बनाने के लिए काम होगा

आज हमने डेयरी क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के लिए एमओयू साइन किया है। इसके जरिए महिलाओं के लिए अधिक कार्य किए जाएंगे। इसमें महिलाओं की डेयरी की नॉलेज, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के साथ महिलाओं को आर्थिक सशक्त बनाने के लिए काम होगा।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से परिवार मजबूत होते हैं

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा- जयपुर डेयरी 50 साल से बेहतरीन काम कर रही है। शुरू में 250 लीटर से शुरू होकर आज 15 लाख लीटर दूध जा रहा है। डेयरी के जरिए महिलाओं और कई परिवारों को रोजगार मिल रहा है। डेयरी लोगों को रोजगार देने और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण काम कर रही है। महिलाओं के माध्यम से परिवार मजबूत होते हैं। हमारी सरकार इस दिशा में लगातार कम कर रही है, जिससे महिलाएं आर्थिक संबल हो सकें। राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा- जयपुर डेयरी संघ के 50 वर्ष पूरे होना खुशी की बात है। आज डेयरी केवल दूध तक ही सीमित नहीं है। राष्ट्रीय महिला आयोग और आरसीडीएफ के बीच महिलाओं को ट्रेनिंग देने और सुविधाएं देने के लिए एमओयू साइन हुआ है। जयपुर डेयरी संघ मायरा योजना से बहनों का भाई बन भात भरने का काम कर रहा है। इसके लिए डेयरी संघ का धन्यवाद देना चाहूंगा।

रामनवमी पर मंदिर में दिनभर पूजन और भक्ति कार्यक्रम

## महाआरती, पंचामृत अभिषेक, जन्म आरती और 101 तोप की सलामी दी जाएगी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में रामनवमी का पर्व इस बार रविवार 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन ठिकाना श्रीरामचंद्रजी मंदिर में सुबह 6 बजे मंगला आरती से दिनभर के आयोजनों की शुरुआत होगी। शाम 4 बजे सूरजपोल अनाज मंडी से भगवान श्रीरामचंद्रजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रात 10꞉30 बजे मंदिर पहुंचेगी। रामनवमी पर सुबह 11 बजे ठाकुरजी महाराज का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसमें 500 किलो दूध, गुलाब, केशर, इत्र, केवड़ा जैसे सुगंधित तत्वों से स्नान कराया जाएगा। इसके बाद रत्नजड़ित जरदोजी पोशाक और रजवाड़ी आभूषणों से ठाकुरजी का श्रृंगार होगा। दोपहर 2 बजे श्रीरामलला जन्म आरती, 3꞉30 बजे राजभोग आरती और रात 11 बजे शयन आरती के साथ आयोजन संपन्न होंगे। शाम 7 बजे 101 तोप की गर्जना के साथ महाआरती होगी, जिसमें हजारों महिलाएं एक साथ आरती करेंगी। इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। राधिका कल्चरल सोसायटी की ओर से सांस्कृतिक संध्या और मंदिर में अमरनाथ झांकी भी सजाई जाएगी। मंदिर में शहर के अलग-अलग इलाकों से पदयात्राएं पहुंचेंगी।

### सूरजपोल अनाज मंडी से निकलेगी शोभायात्रा

शाम 4 बजे सूरजपोल अनाज मंडी से निकलने वाली शोभायात्रा को त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज आरती कर रवाना करेंगे। शोभायात्रा सूरजपोल बाजार, रामगंज चौपड़, बड़ी चौपड़, चौड़ा रास्ता होते हुए रात करीब 10꞉30 बजे श्रीरामचंद्रजी मंदिर पहुंचेगी। यात्रा मार्ग में होदा की मोरी, रामगंज चौपड़, ताड़केश्वर मंदिर, बड़ी चौपड़, लाडलीजी मंदिर सहित कई जगह आरती और स्वागत होगा।

शोभायात्रा में श्रीरामचरित्र के प्रसंगों पर आधारित झांकियां, विद्युत सजावट वाले रथ, गोरांग महाप्रभु कीर्तन मंडल, लोकगीत-नृत्य, ढूंढाड़ी संस्कृति की झलक और मंदिरों की प्रतीक झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। इसमें जेके लोन गणेशजी का रथ, वीर हनुमान जी, जीणमाता और मुरलीमनोहर जी की झांकियां भी शामिल होंगी। शोभायात्रा के बाद मंदिर में बधाई गान और भक्ति आयोजन होंगे।

### खोले के हनुमान मंदिर में महाअभिषेक और छप्पन भोग की झांकी

रामनवमी के अवसर पर श्री खोले के हनुमान मंदिर के शिखर पर स्थित सियाराम जी का सुबह 6 बजे ऋतु फलों के रस, 108 द्रव्यों की औषधियों, पंचामृत और सरयू जल से महाअभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे षोडशोपचार पूजन कर ठाकुरजी को नई पोशाक पहनाई जाएगी। नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे सियाराम जी की महाआरती की जाएगी और सियाराम दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। मंदिर परिसर में चल रहे 211 आसनों पर नवपारायण और वाल्मीकि रामायण के पाठों की पूर्णाहुति सोमवार दोपहर 12 बजे की जाएगी।

## राजस्थान रॉयल्स ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दिया गोल्डन पास: जयपुर में IPL मैच की तैयारियों का दिया फीडबैक



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में आयोजित हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले के लिए राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को स्पेशल गोल्डन पास देकर इनवाइट किया।


इस दौरान राजस्थान रॉयल्स द्वारा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में किए गए रिनोवेशन और मैच की जानकारी भी दी गई। इस दौरान राजस्थान रॉयल्स के मनोज बडाले, रंजीत बरठाकुर, जेक लश मैक्रम और राजीव खन्ना मौजूद रहे।

दरअसल, जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के पांच मुकाबले आयोजित होंगे। जिसमें पहला मैच 13 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के साथ आयोजित होगा। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बतौर मुख्य अतिथि इनवाइट किया गया है। इस दौरान टीम ओनर्स ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयपुर के स्स्र स्टेडियम में क्रिकेट फैंस के अनुभव को अविस्मरणीय बनाने के लिए स्पेशल डिज़ाइन किया गया है।

रामनवमी पर परकोटे में निकलेगी शोभायात्रा

## शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट, यात्रा रूट पर नहीं रहेगी पार्किंग

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** रामनवमी पर रविवार को सूरजपोल अनाज मंडी से शुरू होकर चांदपोल स्थित श्रीराम मंदिर तक निकलने वाली शोभायात्रा के चलते शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। शोभायात्रा सूरजपोल गेट, रामगंज चौपड़, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यू गेट, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार होते हुए चांदपोल बाजार तक जाएगी। यात्रा के दौरान 15 मिनट पहले से ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा और शोभायात्रा के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। गलता गेट, घाटगेट, सांगानेरी गेट, अजमेरी गेट और रामगढ़ मोड़ जैसे एंट्री पॉइंट्स से परकोटे में टैम्पो, मिनी व सिटी बसों का प्रवेश नहीं होगा। रामगंज चौपड़, बड़ी चौपड़, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया गेट और चांदपोल बाजार की ओर जाने वाले वाहनों को ऑप्शनल रास्तों से भेजा जाएगा। साथ ही, बापू बाजार, नेहरू बाजार, रामनिवास बाग चौराहा और त्रिपोलिया टी-पॉइंट जैसे स्थानों पर भी ट्रैफिक को रोका जाएगा। हालांकि, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े व्हीकल्स का आवागमन जारी रहेगा। पुलिस की ओर से आमजन से अपील की गई है कि शोभायात्रा के दौरान शहर में आवागमन के लिए वैकल्पिक रूट का उपयोग करें।

जयपुर में अमेजन के वेयरहाउस पर छापेमारी

## बिना ISI मार्क वाले मोबाइल, गीजर, डाइपर और RO जब्त किए गए, एक करोड़ से ज्यादा कीमत



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा में शुक्रवार को अमेजन के वेयरहाउस पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की टीम ने छापा मारा। इस दौरान टीम ने एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के 2678 प्रोडक्ट जब्त किए। जो बिना ढ्ढस्ढ्ढ मार्क या रजिस्ट्रेशन मार्क के स्टोर किए गए थे। इनमें रोजाना इस्तेमाल होने वाले खिलौने, मोबाइल फोन, वायरलेस हैडफोन, बेबी डाइपर, गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, वैक्यूम क्लीनर, हेयर ड्रायर, इलेक्ट्रिक कॉफी मेकर, आरओ वाटर प्यूरीफायर, स्टील के बर्तन और सेनेटरी नैपकिन जैसे आइटम शामिल हैं। बीआईएस राजस्थान की निदेशक कनिका कालिया ने बताया- बीआईएस अधिनियम 2016 की धारा 29 के तहत अमेजन वेयरहाउस में छापेमारी की गई। 200 से ज्यादा कैटेगरी के प्रोडक्ट्स को जब्त किया। ये सभी भारत सरकार की ओर से अनिवार्य प्रमाणन प्रक्रिया में शामिल हैं। इनका बिना मानक लाइसेंस के निर्माण, बिक्री, स्टोरेज या इम्पोर्ट करना अपराध माना जाता है। पहले उल्लंघन पर 2 लाख और दोबारा उल्लंघन पर कम से कम 5 लाख रुपए जुर्माने या 2 साल तक की जेल का प्रावधान है। जब्त किए गए प्रोडक्ट में खिलौने, मोबाइल फोन, वायरलेस हेडफोन, बेबी डायपर, गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, वैक्यूम क्लीनर, हेयर ड्रायर, इलेक्ट्रिक कॉफी मेकर, आरओ वाटर प्यूरीफायर, स्टील के बर्तन और सेनेटरी नैपकिन जैसे कई आइटम शामिल हैं जब्त किए गए प्रोडक्ट में खिलौने, मोबाइल फोन, वायरलेस हेडफोन, बेबी डायपर, गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, वैक्यूम क्लीनर, हेयर ड्रायर, इलेक्ट्रिक कॉफी मेकर, आरओ वाटर प्यूरीफायर, स्टील के बर्तन और सेनेटरी नैपकिन जैसे कई आइटम शामिल हैं बीआईएस ने ग्राहकों से अपील की है कि वे कोई भी प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसकी BIS प्रमाणन स्थिति जरूर जांच लें। इसके लिए BIS Care App का इस्तेमाल किया जा सकता है, जो गूगल प्ले स्टोर और ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। कोई भी प्रोडक्ट अगर बिना ढ्ढस्ढ्ढ मार्क के है या प्रमाणन का गलत इस्तेमाल हो रहा है तो उसकी शिकायत एप या ईमेल के जरिए की जा सकती है। बीआईएस राजस्थान की निदेशक कनिका कालिया का कहना है कि मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से भी अधिनियम के पालन की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए www.bis.gov.in वेबसाइट देखी जा सकती है। छापेमारी में संयुक्त निदेशक रमन कुमार त्रिवेदी, दीपक लोदवाल, पवन कुमार और उप निदेशक सुरेश गोपालन व संगीता चौधरी शामिल रहे। आगे इस मामले में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

Tni आवाज़

# उत्तरप्रदेश की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com
www.hpnews.in/www.tniawaaz.in
आपकी आवाज के साथ....
www.uttarpradeshkirajneeti.com
जयपुर, रविवार 06 अप्रैल, 2025
HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज
हिन्दुस्तान पत्रिका
HINDUSTAN KI AWAZ
आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, मथुरा,अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज,बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर,औरैया, इटावा, फ़र्रूख़ाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर से प्रसारित

## यमुना छठ पर गऊघाट पर हुआ भव्य छप्पन भोग व फूल बंगले के मनोहारी आयोजन



उत्तरप्रदेश की राजनीति

**मथुरा।** यमुना छठ के पावन पर्व पर ऐतिहासिक गऊघाट स्थित आरती स्थल पर यमुना सेवा दल मित्र मंडल द्वारा मनोहारी भव्य फूल बंगले और छप्पन भोग का आयोजन हुआ जिसमें भक्तों ने बढ़चढ़कर भाग लेकर यमुना जी को अपनी श्रद्धा अर्पित की।कार्यक्रम की शुरुआत यमुना मैया की पारंपरिक महाआरती से हुई तो घाट का वातावरण भक्ति से गूंज उठा। इस अवसर पर यमुना के पवित्र जल में डुबकी लगाने के बाद भक्तों ने यमुना मैया से समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की। आरती के बाद छप्पन प्रकार के भोग यमुना मैया को अर्पित किए गए, जिनमें पकवानों की विविधता ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान घाट का माहौल पूरी तरह से मंत्रोच्चारण और भक्ति गीतों से गूंजता रहा जिससे श्रद्धालुओं में एक विशेष आस्था और श्रद्धा का संचार हुआ। इस दौरान यमुना सेवा दल मित्र मंडल महंत कन्हैया दास गुड्डा पंडित, राम गोपाल शर्मा बब्बू पंडित, पार्षद नीलम गोयल, कुलदीप दुबे, हेमंत खंडोली, पार्थ गुप्ता, पारस, लब्बू पंडित, भूरा खंडेलवाल, कुशल बंसल, शिवम शर्मा, माधव शर्मा, कंचन, मुकेश ठाकुर, गैंग चौधरी, राहुल पंडित आदि मौजूद रहे।

### आज मांस की बिक्री पर रोक, बंद रहेंगी मीट दुकानें

## सीएम योगी के निर्देश पर आगरा नगर निगम ने जारी किया आदेश, जानवरों के वध पर रहेगा प्रतिबंध




उत्तरप्रदेश की राजनीति

**आगरा।** रामनवमी के पावन पर्व पर नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए पूरे शहर में मांस की दुकानों को बंद रखने और जानवरों के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह आदेश प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लिया गया है। इसका उद्देश्य धार्मिक सौहार्द, पशु कल्याण और अहिंसा के संदेश को बढ़ावा देना है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पशु कल्याण अधिकारी नगर निगम डा. अजय सिंह ने बताया कि जिस प्रकार गांधी जयंती, महावीर जयंती, भगवान बुद्ध जयंती और संत टीएल वासवानी जयंती पर ÷नो मीट डे÷ घोषित होता है, ठीक उसी भावना के साथ अब रामनवमी को भी ÷अभय और अहिंसा दिवस÷ के रूप में मनाया जाएगा।

### टीम करेगी निरीक्षण

इस दिन न केवल मांस विक्रय पर रोक रहेगी, बल्कि जनजागरूकता के माध्यम से अहिंसा, करुणा और जीवदया के मूल्यों का प्रसार भी किया जाएगा। आदेशों पर अमल करने के लिए शहर के चारों जोन में कर्मचारियों की टीम नियुक्त कर दी गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर दुकान को तत्काल सील कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी होटल रेस्टोरेंट संचालकों से अपील की है कि वह रामनवमी के दिन अपने संस्थानों में शाकाहारी भोजन को प्राथमिकता दें।

रामनवमी केवल भगवान राम के जन्म का पर्व नहीं है, यह धर्म, नीति, करुणा और सत्य का प्रतीक भी है। इसलिए इसे 'अभय और अहिंसा दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, ताकि समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया जा सके। जैसे अन्य पर्वों पर मांस प्रतिबंध लागू होता है, वैसे ही अब रामनवमी को भी उसी सम्मान के साथ अहिंसात्मक रूप में मनाया जाएगा। डा. अजय सिंह, पशु कल्याण अधिकारी, नगर निगम

### चंद्रशेखर बोले- भाजपा सरकार में संविधान खतरे में

## सीएम को बिजनौर से चुनाव लड़ने की दी चुनौती, बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**सहारनपुर।** सहारनपुर में नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि संविधान पर हमला करना देश के 140 करोड़ लोगों के साथ अन्याय करने जैसा है।

खासतौर पर दलित समाज का अस्तित्व खतरे में है। चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती देते हुए कहा कि बिजनौर में दोबारा चुनाव कराया जाए और पीएम मोदी को चुनाव लड़ाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर वे उन्हें हरा नहीं सके, तो वे अपना नाम बदल लेंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी बिजनौर से चुनाव लड़ने की खुली चुनौती दे डाली।

### ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

चंद्रशेखर ने चुनावी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि देश में अब ईवीएम से नहीं, बल्कि बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर ईवीएम के माध्यम से जनता के साथ धोखा कर रही है।

### बहुजन समाज पर हो रहे हमले

सांसद ने दावा किया कि बहुजन समाज का




अस्तित्व खत्म करने की साजिश रची जा रही है। न तो उन्हें रोजगार मिल रहा है, न संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाबद्ध तरीके से बहुजन समाज को दबाने का काम कर रही है। ऐसे में बहुजन समाज को जागरूक करने के लिए पूरे प्रदेश में 18 मंडलों में कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों को बताया जाएगा कि मौजूदा माहौल से कैसे निपटना है।

### मूलभूत समस्याओं से ध्यान भटकाने की साजिश

उन्होंने भाजपा सरकार पर जनता को भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती हिंसा पर बात होती है, सरकार हिंदू-मुस्लिम मुद्दा सामने ले आती है। इससे असल मुद्दे दब जाते हैं और सरकार अपनी नाकामी छिपाने में सफल हो जाती है। यूपी में पत्रकारों की खुलेआम हत्याएं हो रही हैं, किसान आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन सरकार को सिर्फ अपनी वाहवाही करवाने की पड़ी है। उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार सिर्फ दिखावे के लिए नौकरियां निकालती है, लेकिन उनमें भारी भ्रष्टाचार होता है।

### वक्फ कानून पर जबरदस्ती

सांसद चंद्रशेखर ने वक्फ कानून पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार इसे जबरन लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस समाज को इस कानून से फायदा मिलने की बात हो रही है, वही इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है। इसके बावजूद, सरकार उनकी आवाज को दबाकर इसे जबरन लागू कराने में लगी हुई है।

### सत्ताधारी नेताओं के वीडियो वायरल होने पर तंज

जब एक सत्ताधारी नेता का विवादित वीडियो वायरल होने पर उनसे सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि लोग कयास लगाते रहें, वे अपने काम में व्यस्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विवाद जानबूझकर पैदा किए जाते हैं ताकि जनता के असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा सके।

### गरीबों और किसानों की दुर्दशा पर चिंता

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास रोटी, कपड़ा और मकान नहीं है, उनकी चिंता होनी चाहिए। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस और किताबों की कीमतों को लेकर भी उन्होंने आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि जब जनता जागरूक होगी, तभी इन समस्याओं का समाधान निकलेगा।

### दलितों को घोड़ी चढ़ने से रोका जा रहा

चंद्रशेखर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलित समाज के लोगों को शादी में घोड़ी चढ़ने से रोका जा रहा है। उन्होंने मेरठ, बुलंदशहर और शामली का उदाहरण देते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, ताकि दलित समाज अपने असली मुद्दों पर ध्यान न दे पाए। उन्होंने कहा कि समय बदलेगा और जब सत्ता बहुजन समाज के हाथ में आएगी, तो कोई गरीब और किसान परेशान नहीं होगा।

### किसानों की आत्महत्या पर सरकार खामोश

सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित की बात करती है, लेकिन सहारनपुर में एक किसान ने आत्मदाह कर लिया। उन्होंने कहा कि अत्याचार तब तक नहीं रुकेगा, जब तक सत्ता चंद्रशेखर आजाद के हाथ में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि जब ट्रांसफर, सस्पेंड और बर्खास्त करने की ताकत उनके पास होगी, तब यह अन्याय रुकेगा।

### सरकार बदलने से नहीं, सत्ता में आने से हालात बदलेंगे

सांसद ने कहा कि सिर्फ सरकार बदलने से कुछ नहीं होगा, जब तक बहुजन समाज खुद सरकार नहीं बनाएगा, तब तक परिस्थितियां नहीं बदलेंगी। उन्होंने कहा कि दशकों से यह खेल चल रहा है, जनता को समझना होगा कि असली ताकत उनके वोट में है।

### पुलिस पर भी सवाल


उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें सरकार के दबाव में काम करना पड़ता है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर पुलिस की परेशानियों को दूर करने की मांग की। लेकिन दुख इस बात का है कि पुलिस फर्जी वोटिंग में भी सरकार का साथ देती है। उन्होंने रामपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पुलिस विपक्षी नेताओं के घर जाकर दबाव बना रही थी।

## माता महागौरी की निकली भव्य झांकी

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** मां पथवारी देवी मेला समिति के तत्वावधान में नवरात्रि के अष्टम दिन शनिवार को मां महागौरी की भव्य झांकी सहित दर्जनों झांकियां निकाली गयी। झांकियों की अगुवाई कर रहे नगर सहित दिल्ली, मथुरा एवं राया के करीब आधा दर्जन प्रसिद्ध बैण्डों ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी............आदि सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया। झाकी निर्माता आचार्यो ने मांता सहित अन्य झांकियों को इस तरह का रूप दिया कि मानों मां साक्षात भक्तों को दर्शन दे रही हों।

नवरात्र के अष्टम दिन मां पथवारी देवी मेला समिति के तत्वावधान में शनिवार की सांय मां महागौरी की भव्य झांकी निकाली गयी। माता के दर्शन कर नगरवासी भाव विहोर हो गये। थाना रोड स्थित गयालाल धर्मशाला से प्रारम्भ हुई माता महागौरी की विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा जुगल किशोर, अमित कुमार, वरूण कुमार ने आरती उतार झांकी को प्रस्थान कराया। माता महागौरी की झांकी सहित नगर भ्रमण को निकली करीब आधा दर्जन झांकियो का नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। झांकिया नगर भ्रमण करते हुए मां पथवारी देवी मन्दिर पहुंची। जहां रामलीला मैदान में देर रात्रि बीर अभिमन्यु रासलीला का मंचन किया।



### ये रहे मौजूद

पं. छैलबिहारी, रामकिशन फालैनिया, किरोडी अग्रवाल, पं. सुरेश शर्मा, विनोद जैन, वेद शर्मा, प्रेमसिंह कोरी, गणेश अग्रवाल, गिरधर खलीफा, राकेश जैन, श्याम अगरारिया, भगवत मैथिल, पूरन माहौर, आदि चल रहे थे।

### आगरा में 4 हजार रुपए के लिए यातनाएं

## युवक को बंधक बनाकर बेल्ट और डंडों से पीटा, पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**आगरा।** आगरा में 4 हजार रुपए के लिए एक युवक को बंधक बनाकर जमकर पीटा गया। बेल्ट और डंडे से पीटा गया। उसकी पीठ पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि पीड़ित युवक के चचेरे भाई ने सदर थाने में बताया कि रायल्स कार्गो एंड मूवर्स के मालिक रविकांत ने भाई को अपने राजपुर चुंगी स्थित आफिस में बंधक बना लिया है। वो रविकांत की गाड़ी चलाता है। रविकांत ने अपने



साथी जीतू व प्रदीप के साथ मिलकर बेल्ट और डंडों से पीटा है। वो चार हजार रुपए मांग रहे थे। साथ ही उसे राजस्थान ले जाने की बात कह रहे थे। रुपए न होने पर उसको बुरी तरह से पीटा गया। इससे उसकी आंख पर पीठ में चोटें आई हैं। किसी तरह वहां से भागकर उसने जान बचाई। पुलिस ने रविकान्त उर्फ रवि व अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीकू को टक्कर रोड पर पीडब्ल्यू डी ऑफिस के सामने बिजली के पोल से गिरफ्तार कर लिया गया। उनका एक साथ अभी फरार है।

### आगरा फोर्ट स्टेशन पर पानी की टंकी में मरे पक्षी

## टंकी साफ करने पहुंचे मजदूरों ने बनाया वीडियो, अधिकारियों पर समय पर पैसे नहीं देने का आरोप

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**आगरा।** आगरा फोर्ट स्टेशन की पानी की टंकी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस पानी की टंकी में कीचड़ है। पक्षी मरे पड़े हैं। छिपकली मरी हुई हैं। पानी की टंकी साफ करने वाले मजदूरों ने ही वीडियो बनाया है। इसमें वो यह भी कह रहे हैं कि रेलवे उन्हें मजदूरी के पैसे नहीं देता है। वे कह रहे हैं कि इस जहरीले पानी को पीने से कितने लोग बीमार होते होंगे।

शनिवार को एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो आगरा फोर्ट स्टेशन की पानी की टंकी का बताया जा रहा है। इस वीडियो में दो-तीन मजदूर हैं, जो पानी की टंकी की स्थिति दिखाते हुए जानकारी दे रहे हैं। वीडियों में मजदूर बोल रहे हैं कि पानी की टंकी में कीचड़ है। सालों से टंकी साफ नहीं हुई है। छिपकली, मुर्गियां, पक्षी आदि मरे पड़े हैं। काई और कीचड़ जमा हुआ है। मजदूर यह भी कह रहे हैं कि हम कई बार फिसलन में गिर गए।



### समय पर नहीं देते पैसे

मजदूरों ने वीडियो में बोला है कि रेलवे से पैसे समय से नहीं मिलते हैं। 1000 रुपये प्रति दिन की मजदूरी होती है, लेकिन रेलवे 500 रुपये देता है। यही नहीं, वो यह भी कह रहे हैं कि 15 हजार रुपये का ठेका है। इतनी बड़ी और गहरी टंकी को साफ करने के लिए रेलवे समय से भुगतान नहीं करता है।

## साँचोली देवी के दर्शनों को उमड़ा जनसैलाब

### पुलिस की रही चाक चौबंध व्यवस्था

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** देवी माँ के उपासक एवं नवरात्रों में माँ दुर्गा की आराधना करने वालों के लिए चैत्र नवरात्रों की विशेष मान्यता है। इसीलिए श्रद्धालु नवरात्रों के नों दिनों तक देवी मंदिरों में माथ टेक देवी माता की पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की मनोती मांगते है। हिंदुओ में नवरात्रों के पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

छाता क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण के पैतृक गांव साँचोली में माँ साँचोली देवी का प्रमुख मंदिर है। जहाँ नवरात्रों की सप्तमी के दिन माँ के सातवें स्वरूप कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस अवसर पर हरियाणा राजस्थान, दिल्ली, पंजाब सहित दूर दराज प्रांतों से आने वाले श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ माँ साँचोली की नारियल, एवं श्रृंगार का सामान मां के चरणों में भेंट कर पूजा कर श्रद्धालु अपने और अपने परिवार की माता से सुखशांति की मनौती मांगते है। इसी क्रम में अष्टमी पर गांव साचौली स्थित सांचौली देंवी मंदिर पहुंचे प्रदेश के केबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण, प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने परिवार के साथ माँ साँचोली देवी की पूजा की और आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नंदबाबा के गांव नंदगांव एवं योगीराज भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली कोसीकलां के समीपवर्ती गाँव साँचोली में माता का मंदिर स्थापित है, जहां भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी ने अपनी लीलाऐं की थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मियों को खाशी मशक्कत करनी पडी।

## टैक्टर की टक्कर से युवक गंभीर घायल

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** एक टैऊक्टर-ट्राली चालक ने एक युवक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सडक पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे स्थानीय हास्पीटल मे भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दियां।

गिर्राजी पत्नी जसमत गांव मागर गुरूग्राम हाल निवासी मीनानगर का आरोप है कि गत दिवस उसका पुत्र सतीष पुत्र जसमत घर के पास खडा था। इसी दौरान मीनानगर निवासी सुरेष पुत्र महेन्द्र टैऊक्टर ट्रॉली लेकर आया और उसे तेज व लापरवाही से चलाते हुए उसके पुत्र में टक्कर मार दी, जिस कारण वह गंभीर घायल होकर सडक पर गिर गया। ग्रामीणों एवं परिजनों ने उसे स्थानीय हास्पीटल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। पीडिता ने टैऊक्टर चालक के खिलाफ थाना कोसीकलां में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

## कारतूस सहित पकडा

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कोसीकलां।** थाना पुलिस ने न्यू कोसी कामर रोड स्थित पुलिया के पास से एक युवक को हिरासत में ले चालान किया है। युवक ने अपना नाम मोहित पुत्र वीरेन्द्र गांव हुलवाना बताया। युवक के कब्जे से तीन कारतूस बरामद किए गए।

बंगाल में रामनवमी के आयोजन पर कोहराम

# ममता भी निकालेंगी जुलूस, भाजपा-टीएमसी आमने-सामने

## पश्चिम बंगाल में राम नवमी के कार्यक्रम पर गरमाई राज्य की सियासत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राम नवमी के जुलूस को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। टीएमसी और भाजपा आमने-सामने हैं। अदालत ने 6 अप्रैल को जुलूस निकालने की इजाजत दे दी है। भाजपा समेत कई हिंदू संगठन जुलूस निकालने के लिए तैयार हैं। अब टीएमसी भी जुलूस निकालने जा रही है। हालांकि बंगाल सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा है। विधायक शौकत मोल्लाह ने दावा किया कि टीएमसी कैनिंग में होने वाली रामनवमी की विशाल रैली में शामिल होगी। जुलूस के आयोजक ने उनको भी न्योता दिया है। उन्होंने भड़काऊ माहौल बनाने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया। मोल्लाह ने कहा कि भाजपा नेता सुकांत मजूमदार, सुवेंदु अधिकारी और दिलीप घोष धर्म का राजनीतिकरण कर रहे हैं।

**41** शोभायात्राओं को मिली अनुमति

बंगाल में इस बार राम नवमी का जुलूस कितना भव्य होगा इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि शोभायात्रा के लिए ढाई हजार से ज्यादा आवेदन दिए गए हैं। 60 शोभायात्राएं तो अकेले कोलकाता में ही निकालने की तैयारी हो रही है, जिनमें 41 को इजाजत मिल गई है।

### केवल हिंदू त्योहारों पर समस्याएं क्यों हो रहीं: दिलीप घोष



भाजपा नेता दिलीप घोष ने सवाल उठाया कि पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हिंदू त्योहारों के दौरान समस्याएं क्यों पैदा होती हैं? ममता सरकार और पुलिस हिंदू त्योहारों को रोकने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाती है। कहते हैं कि अगर कोई गड़बड़ी होती है, तो जुलूस की इजाजत नहीं दी जाएगी, लेकिन गड़बड़ी आप ही पैदा करते हैं। वे बहाने लेकर कोर्ट में जाते हैं। उन्हें बहाना बंद कर देना चाहिए, क्यों कि हिंदू समाज कानून के दायरे में रहकर ही अपने कार्यक्रम का आयोजन करता है।

**बंगाल में हाई अलर्ट भारी पुलिस बल तैनात**

कोलकाता हाई कोर्ट का जुलूस को परमिशन देना ममता सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। हालांकि अब जब जुलूस निकलेगा ही तो कोई अप्रिय घटना न घटे ये देखना सरकार की जिम्मेदारी होगी। यही वजह है कि पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जा रही है। संवेदनशील इलाकों में 29 अफसरों की तैनाती की गई है। अकेले कोलकाता में 5 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

जादवपुर विश्वविद्यालय मामला

### रामनवमी के लिए अनुमति नहीं दी, छात्रों ने प्रशासन पर लगाए पक्षपात के आरोप

कोलकाता स्थित जादवपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के नहीं होने का हवाला देते हुए विश्वविद्यालय परिसर में रामनवमी मनाने की



अनुमति देने से इनकार कर दिया। हालांकि प्रशासन के इस कदम के बाद छात्रों में काफी निराशा है। कई छात्रों ने इसे कॉलेज प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा बहाना करार दिया। इन्हीं में से एक छात्र सोमसूर्या बनर्जी ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। सोमसूर्या ने बताया कि जब उन्होंने विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करने के लिए संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि कुलपति की अनुपस्थिति के कारण अनुमति नहीं दी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### वर्मा इलाहाबाद हाईकोर्ट में बने जज, शपथ ली

**प्रयागराज।** नोट बरामदगी के मामले के बाद चर्चा में आए न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने शनिवार



को इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। हालांकि, उन्हें तब तक कोई न्यायिक कार्य नहीं दिया जाएगा, जब तक उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हो जाती है। हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की वरिष्ठता में उनका नाम भी शामिल हो गया।

### 'बाबू' को पीएम समेत नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री और समाजसेवी बाबू जगजीवन राम की जयंती पर



शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

### मुंडे को देना होगा महिला को भरण-पोषण

**मुंबई।** यहां की एक सत्र अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे को बड़ा



झटका दिया है। कोर्ट ने मुंडे की अपील खारिज कर दी। यह अपील उन्होंने एक मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश के खिलाफ दायर की थी, जिसमें उन्हें एक महिला को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि महिला का दावा है कि वह उनकी पहली पत्नी हैं।

### कलाकारों की सूची से कामरा का नाम हटा

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा पर शिवसेना लगातार हमलावर है। 'गद्दार' वाले बयान से



गुस्साई शिवसेना ने दावा किया कि बुकमायशो ने कुणाल कामरा का नाम कलाकारों की सूची और टिकटिंग प्लेटफार्म से हटा दिया है। शिवसेना नेता ने ऑनलाइन टिकट बिक्री प्लेटफार्म के सीईओ का धन्यवाद जताया है। मुंबईकर ऐसी कला से प्रेम नहीं करते।

### बैंकों में मराठी भाषा को लेकर बंद करें आंदोलन

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को अपनी पार्टी कार्यकर्ताओं से बैंकों



और अन्य संस्थानों में मराठी भाषा के इस्तेमाल को लागू करने के लिए चल रहे 'आंदोलन' को फिलहाल रोकने को कहा है। उन्होंने कहा, मुद्दे पर काफी जागरूकता फैलाई है। उन्होंने पत्र में लिखा कि अब इस आंदोलन को रोकने में कोई बुराई नहीं है।

## गृहमंत्री शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पहुंचे, की अपील

# आप सभी हमारे अपने, मुख्यधारा में शामिल होकर देश व राज्य के विकास में योगदान दें

एजेंसी ▶▶ दंतेवाड़ा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर हैं। शनिवार की दोपहर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहले विमान से बस्तर पहुंचे। जगदलपुर आगमन के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय से करते हुए कहा कि आज चैत्र नवरात्रि की अष्टमी है। मैं अभी-अभी मैं मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेकर यहां आया हूं कि अगली चैत्र नवरात्रि में यहां से लाल आतंक खत्म हो जाए और हमारा बस्तर फिर से खुशहाल हो। दंतेश्वरी माई की जय और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे लगाते हुए शैाह ने कहा कि आज अष्टमी और रामनवमी दोनों है। मैं रामलला के ननिहाल यानी छत्तीसगढ़ में आया हुआ हूं। बहुत-बहुत शुभकामनाएं पूरे देश को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

**नक्सलियों से की अपील** अगली चैत्र नवरात्रि में यहां से लाल आतंक खत्म हो और बस्तर फिर से खुशहाल हो

**रायपुर में उच्च स्तरीय बैठक करेंगे**



**सुख-समृद्धि की कामना की**

नवरात्रि पर शाह ने आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री राम विचार नेताम, केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव राहुल भगत, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

### पंडुम के कलाकारों का सम्मान किया

सीएम साय ने कहा कि यह बस्तर पंडुम 45 दिन तक चला। संभाग स्तर पर समापन हो रहा है। इसमें ओडिशा, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के करीब 27 हजार कलाकारों ने हिस्सा लिया। इसमें आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, भाषा-शैली, साहित्य, खान-पान का समावेश हुआ। इसमें कलाकारों का सम्मान किया गया।

### कांग्रेस ने कराई भंजदेव की हत्या

आदिवासी क्षेत्रों के सभी देवी-देवताओं और महाराज प्रवीणचंद्र भंजदेव को प्रणाम करते हुए शाह ने कहा उन्होंने जनजातियों की संस्कृति के लिए प्राणों की आहुति दी। कांग्रेस के आकाओं को सहन नहीं हुई और साजिश के तहत उनकी हत्या करवा दी।

### बस्तर पंडुम को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू जगजीवनराम जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने देश के आदिवासी, पिछड़े वर्गों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। शाह ने कहा कि अगले साल बस्तर पंडुम में देशभर के आदिवासी कलाकारों को बस्तर में लाएंगे। पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा के प्रयास करेंगे।

### मां दंतेश्वरी का लिया आशीर्वाद

दंतेवाड़ा में सबसे पहले मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इस दौरान वह धोती-कुर्ता पहने नजरआए। मां का आशीर्वाद लेने के बाद शाह बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्हें माला और गौर मुकुट पहनाकर उनका



स्वागत किया गया। यहां पर वह बस्तर के पारंपरिक ड्रिंक्स और फूड्स का स्वाद भी चखा। फिर रायपुर में उच्च स्तरीय बैठक ली। इसके बाद वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प पूरा होगा

कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारे सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सल मोर्चे पर लगातार सफलता मिल रही है। हमें पूरा भरोसा है की मां दंतेश्वरी की कृपा से केंद्रीय गृहमंत्री का मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प पूरा होगा। बस्तर इलाका पर्यटन स्थल है, जो स्वर्ग जैसा है यहां पर फिर पुराना समय आएगा।

### योगी की हैट्रिक का किया दावा

संसद में वक्फ संसोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान कई रोचक लम्हे भी आए। इस दौरान शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार तीसरी बार रिपीट होने की भी भविष्यवाणी कर दी। शाह के इस बयान के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। शाह के बयान के बाद उनके और योगी के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने की अटकलें अब बंद हो जाएंगी?



## दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू

**10** लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज



### 10 अप्रैल से मिलेगा कार्ड, पहले चरण में गरीबों को मिलेगा लाभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में गरीबों के लिए आयुष्मान योजना लागू हो गई है। इस सुविधा के तहत पंजीकृत व्यक्ति दिल्ली सहित देशभर के निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। इसको लेकर शनिवार को दिल्ली में आयुष्मान के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच समझौता हुआ है। दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव और केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र, स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, सभी सातों सांसद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**2 लाख 35 हजार को पहले कार्ड मिलेगा**

सीएम गुप्ता ने कहा कि केंद्र ने इस योजना को लागू करवाया और बढ़ा फंड दिया। पहले दिल्ली को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। महंगा इलाज होता था। निजी अस्पताल में मिल सकते थे। इस योजना के लागू होने पर मनपसंद अस्पताल में इलाज करवा सकेंगे। 1,961 चिकित्सा बीमारी का इलाज करवा सकता है। 30,957 देशभर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। 2 लाख 35 हजार को पहले चरण में लाभ मिलेगा। 10 अप्रैल से कार्ड मिलेगा।

**1 माह में 1 लाख परिवारों को मिलेगी सुविधा**

दिल्ली सरकार ने बताया कि समझौते के साथ ही योजना के तहत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीद है कि अगले एक माह में एक लाख परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। योजना के पहले चरण के लिए एएवाई और पीआरएस कार्ड को चुना है। इसके अलावा दूसरे नियम भी बनाए जा रहे हैं। समझौते के साथ ही योजना में शामिल करने के लिए नियम और शर्त सार्वजनिक हो जाएंगे। इन्हीं नियमों के तहत दिल्ली के सभी लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी।

राज्यपाल आरिफ का बड़ा बयान, बिल का समर्थन किया

# वक्फ की संपत्ति पर गैर-मुस्लिमों का भी हक एक भी अनाथालय और अस्पताल नहीं खुला

### वक्फ की संपत्तियां अल्लाह की जरूरतमंदों के लिए होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ संशोधन बिल का



समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियां अल्लाह की मानी जाती हैं। इसका इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। गैर मुस्लिमों का भी वक्फ की संपत्तियों में बराबर का हक है। खान ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जब मैं यूपी में मंत्री था तब वक्फ विभाग मेरे पास ही था। हर समय मुझे ऐसे लोगों से मिलना पड़ता था, जिनके संपत्ति के मामले चल रहे थे। खान ने कहा कि इसमें बहुत सुधार की जरूरत थी। यह वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष भड़के

### विरोधी पॉलिटिकल मुसलमान और इस्लाम में पुतला दहन नहीं होता

**देहरादून।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा है कि जो लोग वक्फ (संशोधन) बिल का विरोध कर रहे हैं, वे पॉलिटिकल



मुसलमान हैं। शादाब शम्स ने कहा कि इन दिनों वक्फ बिल के विरोध में पुतले दहन किए जा रहे हैं लेकिन पुतला दहन इस्लाम का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में दहन का कोई कांसेप्ट ही नहीं है। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या अरब में दहन होता है? शादाब शम्स ने कहा कि पुतले दहन करने वाले या तो मुसलमान नहीं हैं या फिर ये पॉलिटिकल मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग गरीब मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

**ओवैसी के बाद सुप्रीम कोर्ट में अमानतुल्लाह ने दी चुनौती**



**नई दिल्ली।** आप के नेता और विधायक अमानतुल्लाह खान ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक की वैधता को चुनौती दी है।

## 'भारत कुमार' को नम आंखों से किया 'नमन'



मुंबई। मनोज कुमार के अंतिम संस्कार के पूर्व अभिनेता की पत्नी शशि गोस्वामी पति के पार्थिव शरीर से लिपटकर फूट-फूटकर रोती रहीं। 'भारत' कुमार की पार्थिव देह को मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए अग्नि को सौंपा गया। उन्हें राजकीय सम्मान दिया गया था। निर्माता- निर्देशक सुभाष घई, अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन, राजबब्बर और राजपाल यादव समेत बड़ी हस्तियां अंतिम संस्कार में शामिल हुईं।

## रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक का फाइनल ट्रायल पूरा

# ड्रोन के सहारे भक्तों पर होगा सरयू के जल का छिड़काव

▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम नवमी का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसका मुख्य आकर्षण रामलला का सूर्य तिलक होगा। सूर्य की किरणें बालक राम के मस्तक का अभिनंदन करेंगी। यह दुर्लभ संयोग 4 मिनट तक रहेगा। शनिवार को इसका आखिरी ट्रायल हुआ। ट्रायल को कराने के दौरान इसरो के साथ-साथ आईआईटी रुढ़की और चेन्नई के एक्सपर्ट मौजूद रहे। रविवार की दोपहर ठीक 12 बजे भगवान सूर्य रामलला के ललाट का तिलक करेंगे। साथ ही भक्तों पर ड्रोन से सरयू का जल छिड़का जाएगा।

**श्रीराम जन्मोत्सव पर अयोध्या में 2.50 लाख दीप जलाएंगे**



श्रीराम जन्मोत्सव पर अयोध्या में 6अप्रैल को 2.5 लाख दीप जलाए जाएंगे। रामनगरी में दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय यह आयोजन शनिवार से शुरू हुआ। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि रामकथा पार्क में हस्तशिल्प, फूडकोर्ट, ओडीओपी आदि स्टॉल प्रदर्शित किए गए हैं। इसका शुभारंभ आज किया गया था। इसके तहत सुबह सात बजे से देर शाम तक हेरिटेज वॉक कराई गई। इसके अंतर्गत श्रीराम मंदिर, हनुमानगढ़ी के साथ विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया।

**ड्रोन से भक्तों पर छोड़ी गई सरयू जल की फुहार**

श्रद्धालुओं पर ड्रोन से सरयू जल की फुहार छोड़ने का ट्रायल शनिवार को हुआ। देर शाम को ड्रोन से रामपथ पर सरयू जल की फुहार श्रद्धालुओं पर डाली गई। यह पहली बार है जब श्रद्धालुओं पर आसमान से सरयू जल की वर्षा की जा रही है। रामनवमी पर भी श्रद्धालुओं पर ड्रोन से सरयू जल की फुहार छोड़ी जाएगी।

**मठ-मंदिरों में आयोजन की धूम**

अयोध्या में इस बार रामनवमी का आयोजन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होने जा रहा है। अयोध्या उत्सव में लीन है। मठ-मंदिरों में सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों की धूम है। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित रामोत्सव 2025 का भी शुभारंभ शनिवार को हेरिटेज वॉक से हुआ। उद्घाटन महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। शाम को रामकथा पार्क में सांस्कृतिक संध्या हुई।श्री राम जन्मोत्सव को और खास बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने हेरिटेज वॉक का आयोजन किया।

### प्राचीन रंगमहल में बिखर रही श्रीरामजन्मोत्सव की अद्भुत छटा


रामजन्मभूमि परिसर से सटे श्रीराम के कुलदेवता के मंदिर प्राचीन रंगमहल में श्रीरामजन्मोत्सव की अद्भुत छटा बिखर रही है। मान्यता के अनुसार यहां कभी श्रीराम के कुलदेवता रंगजी का मंदिर था। रंगजी का समीकरण श्रीराम के ही पूर्व संस्करण भगवान विष्णु से स्थापित किया जाता है। रंग जी की परंपरा को नए सिरे से सहेजने का श्रेय स्वामी सरयू शरण को दिया जाता है। स्वामी सरयू शरण की परंपरा को पूरे गौरव से आगे बढ़ा रहे महंत रामशरण दास के संयोजन में प्राचीन रंगमहल में रामचरित मानस का नवाह पाठ, सुंदरकांड पाठ, श्रीरामस्तुति, दुर्गासप्तशति का पाठ संचालित है। मंदिर में रविवार को ठीक दोपहर 12 बजे रामजन्मोत्सव की धूम होगी। बधाई गान सुनाने के लिए दूर-दूर से कलाकार आए हैं, जो शानदार प्रस्तुति देंगे।

## डीएलएफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# अवैध निर्माण के तोड़फोड़ पर लगाई रोक, यहां यथास्थिति बनाए रखें

हरियाणा सरकार से 4 हफ्ते में मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम के आरडब्ल्यूए फेज एक से पांच में अवैध निर्माण के खिलाफ चल रही तोड़फोड़ की कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगाते हुए 'स्थिति जैसी है, वैसी ही बनी रहने' का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और अरविंद कुमार की पीठ ने आरडब्ल्यूए कुतुब एन्क्लेव रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की। इस याचिका में हरियाणा सरकार के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। पीठ ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा और कहा कि अगली सुनवाई तक सभी पक्ष वर्तमान स्थिति बनाए रखें। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आरडब्ल्यूए भी कोई निर्माण नहीं गिराएगा। इससे पहले पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने 19 अप्रैल तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश जारी किया था।

## केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव व वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने प्रतापबंध से करणी माता सडक का किया लोकार्पण, करणी माता मंदिर व चक्रधारी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज प्रतापबंध से करणीमाता, चक्रधारी हनुमान मंदिर, बालाकिला तक 1 करोड 70 लाख रूपये की लागत से बनने वाली 7 किमी की सडक का लोकार्पण किया एवं बाला किला में 50 लाख रूपये की लागत से तैयार वेपन म्यूजियम का अवलोकन किया तथा करणी माता मंदिर एवं चक्रधारी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने जिलेवासियों को चैत्र नवरात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सडक के बनने पर श्रद्धालुओं को करणी माता व चक्रधारी हनुमान मंदिर के दर्शन के लिए आवागमन में सुविधा होगी तथा पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार आमजन के कल्याण हेतु निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अलवर को पर्यटन हब बनाने की दिशा में आमजन की सहभागिता से सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सार्थक प्रयासों से बालाकिला तक की सडक बनाने की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर को सडकों की विशेष सौगातें दी हैं जिनमें अलवर में सडकों के नेटवर्क को मजबूती प्रदान करने हेतु भूगोर तिराहे से हनुमान चौराहे तक एनएच-248ए को टू लेन सडक से फोर लेन सडक निर्माण, मिसिंग लिंक सडकों के कार्य, सरिस्का से पाण्डुपोल तक ईवी बेस्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम, अलवर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न सडकों के निर्माण कार्य जैसी विभिन्न सौगातें शामिल हैं।

### वेपन म्यूजियम का किया अवलोकन

यूआईटी द्वारा बाला किला में 50 लाख रूपये की लागत से तैयार कराए गए वेपन म्यूजियम का केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अलवर के पर्यटन के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वेपन म्यूजियम के बनने से भण्डार में रखे ऐतिहासिक हथियारों का न केवल संरक्षण होगा बल्कि पर्यटक इनका अवलोकन कर सकेंगे।

### करणी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने करणी माता मंदिर व चक्रधारी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। नवरात्रों में 9 दिनों तक मातृशक्ति की आराधना की जाती है। इस दौरान बडी संख्या में प्रबुद्ध व्यक्ति एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जिला आयोजन समिति की बैठक में आमजन के मुद्दों पर हुई चर्चा - जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला आयोजन समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला परिषद सभागार में आयोजित इस बैठक में समिति के सदस्य जनप्रतिनिधियों ने आमजन से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दूदू में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 100 से ग्राम गुर्जरों की ढाणी एवं कोटखावदा के रूपाहेडी कलां काशीपुरा रोड से भगवतपुरा गांव तक सड़क निर्माण के प्रस्तावों को समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, जिला आयोजन समिति के सचिव एवं मुख्य आयोजना अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद मीणा के साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की।

## ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था सुधारें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: -पंचायतीराज मंत्री

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था सुधारें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाई के लिए एक लाख रूपए उपलब्ध कराए जाते हैं। पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने शनिवार को बाड़मेर प्रवास के दौरान उडंखा एवं राणीगांव ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। उन्होंने ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान में अपेक्षित सुधार लाने की जरूरत



जताई। इस दौरान श्री दिलावर ने उडंखा एवं राणीगांव ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सफाई के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को सफाई कार्य के लिए एक लाख रुपए दिए जाते हैं। इसके उपरांत भी सफाई नहीं होना बेहद गंभीर बात है। ग्राम पंचायत स्तर पर सफाई व्यवस्था बदहाल होना संबंधित कार्मिकों एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही को साबित करता है। उन्होंने कहा कि समय रहते सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कार्मिकों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए सरकारी धन की वसूली की जाएगी। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि यदि सफाई के दिए गए पैसों को अन्य किसी कार्य में खर्च किया गया है, तो स्वीकार नहीं किया जाएगा । उस पैसे की वसूली संबंधित अधिकारियों से की जाएगी। इससे पूर्व पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री ने उडंखा एवं राणीगांव ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गांवों में जगह-जगह गंदगी देखकर नाराजगी जताते हुए सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कार्मिकों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पंचायतीराज मंत्री ने किया बाड़मेर गादान ग्राम पंचायत के भवन का उदघाटन सफाई अभियान के साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं -पंचायतीराज मंत्री

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** नवीन ग्राम पंचायत में भवन का निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी बजट का सदुपयोग करते हुए सफाई अभियान के साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने शनिवार को बाड़मेर पंचायत समिति की बाड़मेर गादान ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही।

पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि बाड़मेर जिला पूरे देश में अपनी प्रसिद्धि के साथ विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। अब बाड़मेर पानी की समस्या कम होने के साथ आर्थिक लिहाज से उन्नयन हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए तत्पर है। इसके लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। सबके चेहरों पर मुस्कान रहें,



इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के हितार्थ कार्य कर रहे है।

पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि अब गौवंश से खेती करने पर राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रूपए प्रति वर्ष अनुदान दिया जाएगा। इससे गौवंश संरक्षण के साथ जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा 3 बीघा भूमि वाले किसान भी तारबंदी योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। चारागाह विकास के लिए 150 बीज बैंक बनाए गए है। उन्होंने सफाई अभियान के लिए उपलब्ध कराई जा रही राशि का उपयोग सफाई कार्यों में करने की जरूरत जताते हुए कहा कि इसको बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। संबंधित कार्मिकों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनसे राशि की वसूली की जाएगी।

पंचायतीराज मंत्री ने आमजन से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अधिकाधिक पौधारोपण के साथ इनकी पेड़ बनने तक देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि इस बार 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा जलग्रहण विभाग का जल स्तर बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने प्रदेश में शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों से अवगत कराते हुए नवनिर्मित भवन निर्माण के लिए बधाई दी।

### किसान सम्मान निधि से राहत

पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके पिता खाद-बीज खरीदने के लिए मां के गहने गिरवी रखते थे, तब जाकर खाद-बीज का इंतजाम होता था। अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि से किसानों को खाद-बीज खरीदने में बड़ी राहत मिल रही है।

### पिछले 5 वर्षों की राशि की वसूली होगी

बाड़मेर गादान ग्राम पंचायत भवन के उद्घाटन के दौरान पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि कई पंचायतों में सफाई नहीं हो रही है। उन्होंने सरपंच, प्रधान, ग्राम विकास अधिकारियों समेत अन्य कार्मिकों को हिदायत दी कि अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो पिछले 5 वर्षों में बजट के दुरुपयोग की जांच होगी और वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि सफाई कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अगर सफाई के बजट का दुरुपयोग जारी रहा तो अधिकारी और जनप्रतिनिधि निलंबित या बर्खास्त होंगे।

# केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने की श्रमजीवी पत्रकार संघ अलवर 13वें वार्षिक जिला स्तरीय सम्मेलन में शिरकत, वन नेशन-वन इलेक्शन ऐतिहासिक कदम साबित होगा- केंद्रीय मंत्री यादव

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज पुलिस अन्वेषण भवन में श्रमजीवी पत्रकार संघ अलवर के 13वें वार्षिक जिला स्तरीय सम्मेलन और वन नेशन-वन इलेक्शन पर आयोजित संगोष्ठी में शिरकत की।

केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों को वार्षिक सम्मलेन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता का चौथे स्तम्भ के रूप में सदैव विशेष महत्व रहता है। पत्रकार समाज के दर्पण के रूप में 24 घंटे सातों दिन अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि चौथे स्तम्भ के रूप में लोकतंत्र को पूर्णता प्रदान करने में पत्रकारिता की महती भूमिका रहती है।

उन्होंने कहा कि इसी कडी में अलवर में श्रमजीवी पत्राकार संघ द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन के विषय पर अपने वार्षिकोत्सव के साथ संगोष्ठी का आयोजन एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव साधन है साध्य नहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्थायीत्व, निरंतरता व निष्पक्षता उसे परिपक्व बनाती है। इस दिशा में वन नेशन, वन इलेक्शन एक अहम कदम साबित होगा। उन्होंने विभिन्न समितियों द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन के विषय पर दिए गए सुझावों



पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता से शासन व प्रशासन के साथ आम जनता के कार्य भी प्रभावित होते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य देश को गरीबी से निकालना है यह तभी संभव होगा जब देश में स्थायीत्व व निरन्तरता होगी। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों के द्वारा इस चर्चा को व्यापकता की ओर ले जाना चाहिए।

### पत्राकारों को किया सम्मानित व आपकी कलम 2025 का किया विमोचन

उन्होंने जिले के 18 वरिष्ठ पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने अलवर के पर्यटन के विषय पर आधारित आपकी कलम 2025 का विमोचन किया।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पत्रकार कल्याण के क्षेत्र में उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आरजीएचएस की तर्ज पर पत्रकारों के लिए आरजेएचएस योजना लागू की है जिसमें सभी अधिस्वीकृत पत्रकार पात्र होंगे। साथ ही पत्रकारों के अधिस्वीकरण के नियमों में सरलीकरण भी किया गया है। इस दौरान अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं पत्रकारगण मौजूद रहे।

# सामाजिक बदलाव में महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय, महिलाएं नई पीढ़ी में संस्कृति और संस्कारों की संवाहक-उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान प्रदेश सभा के महिला प्रकोष्ठ की प्रादेशिक कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को विद्याधरनगर में संपन्न हुआ। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें महिला सशक्तिकरण की दिशा में नित नए आयाम स्थापित कर प्रदेश की माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज के द्वारा समाज के उत्थान के लिए समय-समय पर की जा रही सामाजिक सेवा की गतिविधियां प्रशंसनीय हैं। आज महिलाएं इतनी सशक्त और जागरूक है और समाज सेवा व उत्थान के लिए अपना योगदान दे रहीं है। उन्होंने कहा कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज द्वारा समय-समय पर सामाजिक सरोकार के कार्य किये जाते रहें हैं। समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें अवसर भी दिए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए हम सभी मिलकर सामूहिक प्रयास करें, ऐसे में जरूरी है कि समाज में हमारे भविष्य रूपी बच्चों को शिक्षित किया जाए, बेटियों को



पढ़ाया जाए, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए, महिलाओं को सशक्त बनाया जाए, युवाओं को आत्मनिर्भर बनायें, खिलाडियों को प्रोत्साहित किया जाए, नवपीढ़ी में संस्कारों का संचार किया जाए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं के समुचित विकास के लिए काम कर रही है जिसके तहत लखपति दीदी, सोलर दीदी जैसी कई योजनाएं सामने हैं जिसके लिए सबको मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें एवं अन्य जरुरतमंद महिलाओं की भी मदद करें। उप मुख्यमंत्री ने समाज के भामाशाहों से भी अनुरोध किया कि आप समाज सेवा व उत्थान के लिए ओर प्रयास करें। सभी नव नियुक्त कार्यकारिणी सदस्य समाज में नव परिवर्तन का आधार बने, समाज का विकास का मार्ग प्रशस्त हो। इस अवसर पर जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल, अजीत मांडन, पूर्व प्रधान रविशंकर, महासभा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पंवार, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर जांगिड़, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रेणु जांगिड़, कार्यकारी अध्यक्ष कंचन जांगिड़, पार्षद सुरेश जांगिड़, अमराराम जांगिड़, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, पार्षद प्रियंका अग्रवाल, पार्षद रूप कंवर, नवनियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला आयोग अध्यक्ष विजया बोलीं- राजस्थान मेरे पीहर की तरह: राठौड़ ने कहा- राहटकर की वजह से बनी राजस्थान में बीजेपी सरकार

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर शनिवार को जयपुर दौरे पर आई इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने रहकर का कांस्टीट्यूशन क्लब में स्वागत किया दौरान प्रदेश सरकार की तारीफ की तो वहीं राजस्थान से खुद का मायका बताया।

विजया राहटकर ने कहा कि राजस्थान ने मुझे बहुत प्यार दिया है। यहां के लोगों की भावना को मैं महसूस और समझ भी रही हूं। राजस्थान जैसा प्यार, अपनापन, सादगी, परिवार का भाव देशभर में सबसे ज्यादा कहीं नहीं मिलता है। यहां मेरा सभी से विशेष नाता है। कोई बडा भाई, कोई छोटा भाई, कोई छोटी या बड़ी बहन है। राजस्थान मेरा मायका है। यहां प्यार के साथ बहुत कुछ सीखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के लिए मेरे जीवन में बहुत ही स्पेशल जगह है। यहां से



जाना बस यूं है, जैसे मेरी जिम्मेदारी बदली है। जिम्मेदारियां हम सभी की बदलती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आयोग की अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद नई भूमिका में महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही हूं। लेकिन मेरा मानना है भूमिका बदलते रहेगी, हम सभी को काम करते रहना है। राहटकर ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बहुत अच्छा काम कर रहे है। सीएम ने बहुत सारे निर्णय जनता के हित में किए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 100 प्रतिशत धरातल पर उतारने की कोशिश कर रहे है।

इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने में विजया राहटकर का महत्वपूर्ण योगदान है। आज देश की हालत देखकर चिंता हो रही है। युवा, बुजुर्ग अपराध कर रहे हैं, यह चिंता का कारण है। महिला आयोग को विजया ताई के रूप में समर्थ नेतृत्व मिला है। देश को ऐसे योग्य नेतृत्व की जरूरत है, इससे महिलाओं को संबल मिलेगा।

इस दौरान विधायक श्रीचंद कृपलानी, सांसद मंजू शर्मा, बीजेपी महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, पूर्व चेयरमैन भवानी सिंह राजावत,डॉ अपूर्वा सिंह समेत बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर फील्ड में उतरे अधिकारी

### शनिवार को छात्रावासों एवं पीएम विद्यालयों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

### स्वास्थ्य केन्द्रों का भी किया निरीक्षण, मौके पर जाकर जांची मनरेगा की प्रगति




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को फील्ड में मोर्चा संभाला। उपखण्ड अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं तहसीलदार सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा कर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों, पीएम विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही मौके पर जाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत जारी कार्यों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर अपने उपखण्ड क्षेत्र के पीएम विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, साफ-सफाई, मिड डे मील की गुणवत्ता, खेल मैदान, शौचालय, कंप्यूटर लैब, वाचनालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कई पीएम विद्यालयों में जारी निमार्ण कार्य की गुणवत्ता जांच भी की। जिला कलक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने जिलें में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने छात्रावास में भवन की स्थिति, साथ सफाई, भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं एवं इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्रा प्रवेश पंजिका, स्टाफ उपस्थिति पंजिका, राशन एवं रोकड़ पंजिका, भंडार पंजिका एवं मैस समिति बैठक पंजिका सहित अन्य पंजिकाओं एवं दस्तावेजों की जांच की। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। वहीं, अधिकारियों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भी औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सा कर्मियों एवं सहित अन्य कार्मिकों की उपस्थिति, स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं, जांचों, चिकित्सकीय उपकरणों सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की जांच की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद कर फीडबैक भी लिया। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों ने मौके पर जाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत जारी कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। साथ ही, फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के फॉलोअप कैंप में भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट जिला कलक्टर को सौंपी है।

# नई दिल्ली में राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड की बैठक, सरस प्रोडक्ट्स की दिल्ली एनसीआर में लॉन्चिंग पर हुआ विचार विमर्श

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में शनिवार को राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के अधिकारियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विचार विमर्श किया गया कि दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्र में सरस प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग को किस तरह से किया जाए ताकि सरस प्रोडक्ट को अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचाया जा



सके। बैठक में सुझाव दिए गए की राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ मिलकर कौन-कौन से सकारात्मक कदम उठाए जिससे गुणवत्ता युक्त सरस प्रोडक्ट को दिल्ली एनसीआर के ग्राहकों तक सुलभता से पहूंचाया जा सके। उल्लेखनीय है कि सरस डेयरी का दूध, दही,फ्लेवर मिल्क, क्रीम, कलाकंद और गुणवत्ता युक्त मिठाईयों की बाजार में बहुत अच्छी मांग है। बीकानेर डेयरी द्वारा हाल ही में कैमल मिल्क से तैयार बिस्किट भी लॉन्च किए है, इन सब सरस प्रोडक्ट को दिल्ली एनसीआर के मार्केट में उतरने के लिए बैठक रणनीतिक विचार विमर्श किया गया। इसमें डिस्ट्रीब्यूटर्स में अपनी गहरी रुचि दिखाई तथा जल्द ही दिल्ली और एनसीआर के ग्राहकों को सरस प्रोडक्ट मिलने की उम्मीद है। बैठक में दिल्ली संपर्क कार्यालय के आवासीय प्रबंधक सुरेश कुमार सेन, अजमेर सरस डेयरी के प्रबंध संचालक रामजीलाल चौधरी, राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के दामोदर सिंह सहित गंगानगर, बीकानेर, भीलवाड़ा, सीकर, अलवर , अजमेर के मार्केटिंग विभाग के विभिन्न प्रतिनिधियों और दिल्ली एनसीआर के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने हिस्सा लिया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।